अमृत वाणी

सकारात्मक सोच सफलता का पहला कदम है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या

वर्ष: 37 अंक 68

बृहस्पतिवार 18 जून, 2026

तापमान अधिकतम 38°C | न्यूनतम 28°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

## उद्धव की पार्टी टूटी, राउत ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस में गाली दी

### 9 में से 6 सांसद बागी, 4 साल पहले शिंदे 39 विधायकों के साथ अलग हुए थे

**नई दिल्ली/मुंबई, 17 जून।** शिवसेना (UBT) के राज्यसभा सांसद संजय राउत, लोकसभा सांसद अरविंद सावंत और अनिल देसाई ने लोकसभा स्पीकर से संसद में मुलाकात की।

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (UBT) के 9 में से 6 सांसदों ने बगावत कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, छह सांसदों ने बुधवार सुबह 9.30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को शिंदे गुट में विलय के लिए चिट्ठी भेजी। हालांकि, अभी स्पीकर या बागी गुट की तरफ इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

बागी सांसदों में नागेश पाटिल आष्टीकर और संजय दीना पाटिल शामिल हैं। संजय ने बुधवार सुबह ही पार्टी छोड़ने की खबरों को खारिज किया था। इस बीच दिल्ली में राज्यसभा सांसद संजय राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बागी सांसदों को गाली दी।

राउत ने कहा- ये साले सन्न के। ये बेईमान लोग हैं। बेईमानी उनके खून में हैं। राउत ने बाद में सफाई देते हुए कहा- मराठी में ऐसे शब्द आम बोलचाल का हिस्सा हैं। शिवसेना में चार साल में यह दूसरी बड़ी टूट है। जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 39 विधायकों ने बगावत कर शिवसेना का अलग गुट बनाया था।

पिछले 3 महीने के दौरान विपक्षी गुट के 27 सांसदों ने अपनी पार्टी से बगावत करते हुए भाजपा या NDA को समर्थन दिया है। इनमें 7 AAP के राज्यसभा सांसद और 20 TMC के लोकसभा सांसद हैं।शिवसेना (UBT) में टूट की अटकलों के बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (SBSP) चीफ और यूपी के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होने वाली है और पार्टी के कई नेता BJP में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने शिवसेना (UBT) में टूट के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराने वाले आरोपों को खारिज किया।

उन्होंने कहा- उद्धव ठाकरे के सांसद कहां जाते हैं, इससे भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। उद्धव ठाकरे को खुद सोचना चाहिए कि उनके सांसद और विधायक उन्हें छोड़कर क्यों जा रहे हैं।

बावनकुले ने कहा कि अगर सांसद एकनाथ शिंदे के साथ जा रहे हैं, तो यह शिंदे और उद्धव का आंतरिक मामला है। भाजपा या उसके किसी नेता का इससे कोई संबंध नहीं है।

संजय राउत के पैसों के लेन-देन वाले आरोपों पर उन्होंने कहा- यह मान लेना गलत है कि कोई सांसद या विधायक पैसे के लिए दल बदलता है।

संजय राउत ने लोकसभा में परिसीमन बिल गिरने के कारण भाजपा पर विपक्षी दलों को तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- अगर परिसीमन बिल पास नहीं हुआ तो क्या देश पर आसमान टूट पड़ेगा? सभी दलों की सहमति बनने के बाद इसे फिर लाया जा सकता था।

राउत ने कहा- बिल पारित नहीं होने के बाद भाजपा जिस तरह की राजनीतिक गतिविधियां कर रही है, वह बेहद आपत्तिजनक और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विपक्ष को कमजोर करने के लिए दल-बदल को बढ़ावा दे रही है।

लोकसभा में शिवसेना (UBT) के 9 सांसद हैं। दल-बदल कानून के तहत किसी दल में टूट के बाद अयोग्यता से बचने के लिए कम से कम दो-तिहाई सांसदों का साथ होना जरूरी है। यानी अगर 9 में से 6 सांसद एक साथ अलग होने का फैसला करते हैं, तो वे खुद को वैध गुट बताने का दावा कर सकते हैं। इसी वजह से 6 सांसदों के बगावत करने की खबर राजनीतिक और कानूनी, दोनों लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जानकारों के मुताबिक, सिर्फ अलग गुट बनाना ही काफी नहीं होगा। आगे चलकर इन सांसदों को किसी दूसरे दल में विलय की प्रक्रिया भी पूरी करनी पड़ सकती है, ताकि उनकी स्थिति कानूनी रूप से और मजबूत हो सके।

राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दावा किया कि बागी सांसदों को 50-50 करोड़ रुपए ऑफर हुए हैं। राउत ने कहा- मेरे पास जानकारी है कि सांसदों को 15-15 करोड़ रुपए पहुंचाए गए हैं और उन्हें 3 चार्टर्ड विमानों से दिल्ली लाया गया है।

राउत की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवसेना (UBT) के 9 में से सिर्फ 3 सांसद, अनिल देसाई, राजाभाऊ वाजे और अरविंद सावंत मौजूद रहे। राउत ने कहा कि बाकी सांसदों को खुद सामने आकर अटकलों का खंडन करना चाहिए।

बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने राउत की आलोचना की। पाल ने कहा- संजय राउत ने जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है, वैसी भाषा तो कोई सामान्य व्यक्ति भी नहीं बोलता। शायद यह उनकी हताशा है। उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए।शिवसेना (UBT) ने पार्टी के संसदीय दल की गुरुवार (18 जून) को होने वाली बैठक से पहले सांसदों को चेतावनी दी है।

पार्टी ने कहा है कि बैठक में शामिल नहीं होने वाले सांसदों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि संसदीय दल के नेता अरविंद सावंत ने सभी 10 सांसदों को सुबह 11 बजे होने वाली बैठक में मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

राउत ने कहा कि सांसद शिवसेना (UBT) के चुनाव चिह्न और उद्धव ठाकरे के नाम पर चुने गए हैं। उन्हें पार्टी के साथ विश्वासघात करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसका जवाब मिलेगा।

## मानसून कमजोर, देश के 40 प्रतिशत हिस्से में बारिश की कमी

**« राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात-कर्नाटक के ऊपर बादल नदारद, 7 दिन से तेलंगाना में अटका मानसून**

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना, 17 जून।** मौसम विभाग के सैटेलाइट INSAT-3DS की तस्वीरों में राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक का आसमान लगभग साफ दिखाई दे रहा है।

जून के तीसरे सप्ताह में भी मानसून देश के बड़े हिस्से को कवर नहीं कर पाया है। 17 जून की सुबह ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक के ऊपर मानसूनी बादल नहीं हैं। इन राज्यों में आसमान साफ दिख रहा है।

मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 723 जिलों में से सिर्फ 103 में ही सामान्य बारिश हुई है। यानी, देश के 40 प्रतिशत हिस्से में सामान्य से कम बारिश हुई है। इसकी मुख्य वजह बंगाल की खाड़ी में मजबूत लो-प्रेशर एरिया का न बनना है।

4 जून को केरल में दस्तक देने के बाद मानसून 13 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है। पिछले 7 दिन से यह तेलंगाना के भद्राचलम में अटका हुआ है। इसी वजह से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बारिश में देरी हो गई है।

मानसूनी बारिश भले ही न हुई हो, लेकिन प्री-मॉनसून एक्टिविटीज और लोकल सिस्टम्स की वजह से देश के अधिकांश राज्यों में पारा 40एष्ट या इससे नीचे बना हुआ है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना और ओडिशा में हीटवेव से राहत मिली है। नीचे मैप में देखिए देशभर में पारे की चालज

**अगले दो दिन के मौसम का हाल**

**18 जून :** बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में बारिश की संभावना। बिहार में कुछ जगहों पर 50-70kmph की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। कई इलाकों में 40-60kmph की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

**19 जून:** सिक्किम, उत्तर बंगाल, असम और मेघालय में भारी बारिश की संभावना है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में बारिश के साथ 40-60kmph की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रह सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक, जेट स्ट्रीम का मौजूदा पैटर्न कमजोर होने पर मानसूनी हवाएं तेज होंगी। अगले 4-5 दिनों में मानसून के महाराष्ट्र कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की परिस्थितियां बन सकती हैं।

जेट स्ट्रीम वायुमंडल की ऊपरी परतों में बहने वाली अत्यंत तेज हवाएं हैं। ये आमतौर पर पृथ्वी की सतह से करीब 8 से 15 किलोमीटर की ऊंचाई होती है। ये मानसूनी बादलों और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस यानी पश्चिमी विक्षोभ को प्रभावित करती हैं।

## महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव : महायुति ने 6 सीटें निर्विरोध जीतीं, 11 सीटों पर कल मतदान होगा

**महाराष्ट्र, 17 जून।** चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, वोटों की गिनती 22 जून को होगी। बिना किसी मुकाबले के जीती गई छह सीटों में से भारतीय जनता पार्टी (BJP), शिवसेना और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP) ने दो-दो सीटें जीतीं। महायुति के सीट-शेयरिंग समझौते के तहत, BJP ने 11 सीटों पर, शिवसेना ने चार सीटों पर और NCP ने दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे।

महाराष्ट्र विधान परिषद की स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्रों की 17 सीटों में से छह पर निर्विरोध जीत हासिल करके सत्ताधारी महायुति गठबंधन ने अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया है, जबकि बाकी 11 सीटों के लिए मतदान गुरुवार (19 जून) को होना है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, वोटों की गिनती 22 जून को होगी।

बिना किसी मुकाबले के जीती गई छह सीटों में से भारतीय जनता पार्टी (BJP), शिवसेना और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP) ने दो-दो सीटें जीतीं। महायुति के सीट-शेयरिंग समझौते के तहत, BJP ने 11 सीटों पर, शिवसेना ने चार सीटों पर और NCP ने दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। अब बची हुई 11 सीटों पर गुरुवार को मतदान होगा. यहां उन उम्मीदवारों और सीटों की सूची दी गई है जिन पर चुनाव होगा।



**ये सभी उम्मीदवार अपने-अपने स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों से महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य के तौर पर निर्विरोध चुने गए हैं।**

- वर्धा-गढ़चिरौली-चंद्रपुर : अरुण लखानी (BJP)
- अहिल्यानगर : प्राजक्त तनपुरे (BJP)
- ठाणे : रवींद्र फाटक (शिवसेना)
- यवतमाल : दुष्यंत चतुर्वेदी (शिवसेना)
- रायगढ़-रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग: अनिकेत तटकरे (NCP)
- पुणे: विक्रम काकड़े (NCP)

## मोदी कूल और जबरदस्त नेता, मैं ऐसा नहीं : ट्रम्प

**G7 लीडर्स से अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- बॉस मैं हूं**

**नई दिल्ली/एवियन (फ्रांस), 17 जून।** फ्रांस के एवियन में चल रहे 52वें G7 समिट में पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच हुई। ट्रम्प ने वर्किंग लंच स्टेटमेंट में पीएम मोदी की तारीफ की। ट्रम्प ने कहा- मोदी शांत और जबरदस्त नेता हैं, लेकिन मैं मोदी की तरह नहीं हूं।

वहीं वर्किंग सेशन में बुधवार को जब ट्रम्प देरी से पहुंचे तो सभी उनकी तरफ देख रहे थे। ट्रम्प कुछ देर चले और रुककर मजाक में कहा- आई एम द बॉस। इसके बाद सभी हंसने लगे। समिट में 14 देशों के नेताओं ने भाग लिया। आज समिट का दूसरा दिन है।

इससे पहले मोदी ने कहा- 'वेस्ट एशिया में संकट की वजह से फ्यूल, फर्टिलाइजर और फूड सप्लाई चेन में आई रुकावटों का असर ग्लोबल साउथ (दक्षिणी देशों) पर काफी समय तक रहेगा।'

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बुधवार को G7 समिट के वर्किंग सेशन में देरी से पहुंचे। उन्होंने यहां मौजूद 14 देशों के प्रतिनिधियों से कहा- मैं बॉस हूं।

समिट के पहले दिन मंगलवार को मोदी ने होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय नागरिकों की मौत का मुद्दा उठाया था। आउटरीच सेशन में उन्होंने कहा था कि इस अहम समुद्री मार्ग में कई भारतीयों ने जान गंवाई है और वैश्विक व्यापार को जोड़ने वाले नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी देशों की जिम्मेदारी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वर्किंग लंच स्टेटमेंट में पीएम मोदी की तारीफ की। ट्रम्प ने कहा कि मोदी शांत, कूल और जबरदस्त इंसान हैं, लेकिन वह मोदी की तरह नहीं हैं।

ट्रम्प ने 2015 के ईरान परमाणु समझौते (JCPOA) की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के प्रशासन ने समझौते के तहत ईरान को अरबों डॉलर दिए, जिसमें 1.7 अरब डॉलर कैश भी शामिल थे।

ट्रम्प ने कहा कि यह समझौता अमेरिका के लिए अच्छा नहीं था और ओबामा प्रशासन ने ईरान को बड़ी आर्थिक राहत देकर उसे फायदा पहुंचाया। उन्होंने दावा किया कि कैश विमान के जरिए ईरान भेजा गया था और इसे लेकर उन्होंने समझौते की आलोचना की।



पीएम मोदी ने G7 समिट में यूरोपीय यूनियन काउंसिल के प्रेसिडेंट एंटोनियो कोस्टा और यूरोपियन कमीशन की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन के साथ मीटिंग की।

G7 देशों के नेताओं ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते की तारीफ की और इसे क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। नेताओं ने कहा कि यह समझौता ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और उसकी क्षेत्रीय गतिविधियों से जुड़े खतरों को कम करने का ऐतिहासिक अवसर है।

G7 ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व और मध्य देशों की भूमिका की भी प्रशंसा की। समूह ने कहा कि वह इस समझौते का समर्थन करता है और इसे सफलतापूर्वक लागू करने में सहयोग देने के लिए तैयार है।

मोदी ने फेडरल चांसलर मर्ज के साथ बातचीत की। पीएम ने बताया कि मर्ज के साथ वार्ता बहुत फायदेमंद रही। हमने ट्रेड, इन्वेस्टमेंट, सर्कुलर इकॉनमी, डिफेंस, IT और दूसरे फील्ड्स में मिलकर काम करने पर चर्चा की।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने G7 शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए फ्रांस और राष्ट्रपति मैक्रों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह एक शानदार शिखर सम्मेलन रहा और मैक्रों ने इसके आयोजन में बेहतरीन काम किया है।

ट्रम्प ने कहा कि सम्मेलन को सभी देशों से अच्छा समर्थन मिला है और यहां मौजूद नेता इससे संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि फ्रांस ने मेजबानी की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभाई और मैक्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

ट्रम्प और इटली की पीएम मेलोनी के बीच रिश्तों में अप्रैल में आई खटास के बाद अब दोनों के संबंध बेहतर होते नजर आ रहे हैं। यह संकेत फ्रांस में चल रहे त7 समिट के दौरान देखने को मिला।

जब दोनों नेताओं की मुलाकात हुई तो ट्रम्प ने मेलोनी से मजाकिया अंदाज में कहा, तुमने मेरा साथ छोड़ दिया है। इस पर मेलोनी ने जवाब दिया, यह सच नहीं है, हम हमेशा से दोस्त रहे हैं।

पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच 16 महीने बाद मुलाकात हुई। दोनों नेता पहले ग्रुप फोटो सेशन के दौरान मिले। ट्रम्प मोदी का हाथ पकड़े रहे। इसके बाद, आउटरीच सेशन में मुलाकात हुई। मोदी को देखकर ट्रम्प सीट से खड़े हुए और उनसे हाथ मिलाया। इसके बाद दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक बात हुई।

इससे पहले दोनों नेता फरवरी में वॉशिंगटन मिले थे। पिछले 16 महीनों के दौरान भारत-अमेरिका रिश्ते खासे उतार-चढ़ाव वाले रहे। इनमें ट्रम्प टैरिफ और एच-1 बी वीसा के मुद्दे खास रहे।

## दूल्हे की मां-बहन, 2 भाभियों समेत 6 की मौत

**बदायूं में शादी का शगुन देने जा रही थीं, रेस लगा रहे ट्रैक्टर ने रौंदा**

**बदायूं, 17 जून।** यूपी के बदायूं में बुधवार दोपहर सड़क हादसे में 6 महिलाओं की मौत हो गई। इनमें दूल्हे की मां, उसकी बहन, 2 भाभियां और एक पड़ोसी महिला शामिल हैं। हादसे में 3 लोग घायल भी हुए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बरेली-मथुरा हाईवे पर 2 ट्रैक्टर रेस लगा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी और उसे रौंदते हुए निकल गया।

महिलाएं ट्रैक्टर के पहियों के नीचे आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। करीब 10 फीट के दायरे में महिलाओं के शव सड़क पर बिखर गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

हादसा उझानी कोतवाली क्षेत्र में हुआ। मृतकों की पहचान राजकुमारी (50), उनकी बेटी नारायणी (30), उनकी जेठानी रेवती (80), बहू गंगाश्री (30), सरला (32) और गांव की रहने वाली प्रेमावती (32) के रूप में हुई है।



राजकुमारी के बेटे की 29 जून को शादी है। वह शगुन देने अपने मायके जा रही थीं।मुरावन नगला गांव में रहने वाले डालचंद्र का परिवार खेती-किसानी का काम करता है। 6 बच्चों में 5 की शादी हो चुकी है। घर में सबसे छोटे बेटे कुंवर पाल की 29 जून को शादी होनी थी। डालचंद्र की पत्नी राजकुमारी का मायका गठौना गांव में है। शादी से पहले भात मांगने महिलाओं को गठौना गांव जाना था। इसके लिए उन्होंने गांव में ही रहने वाले सन्नी का ई-रिक्शा बुक किया।सन्नी ई-रिक्शे में 6 महिलाओं समेत कुल 8 लोगों को बैठाकर रवाना हुआ। बरेली-आगरा हाईवे इस समय बन रहा है। इसके चलते सिर्फ एक ही लेन चालू है। कासगंज से 2 ट्रैक्टर उझानी की मंडी समिति में मक्का लादकर आए थे। मक्का बेचकर वापस जाते समय दोनों आपस में रेस लगा रहे थे ई-रिक्शा भी इसी लेन से जा रहा था। ई-रिक्शा पहले ट्रैक्टर से टकराने से बच गया, जबकि दूसरे ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गए। वहीं, हादसे में 5 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। 1 महिला की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई।

सूचना मिलते ही डीएम अवनीश राय मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है। 3 घायल मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। इनमें से 2 की हालत गंभीर है। दोनों चालकों को ट्रैक्टर के साथ पकड़ लिया गया है।

प्रभारी मंत्री अरुण सक्सेना ने बताया कि बहुत ही दुखद घटना हुई है। घायलों का अच्छे से अच्छा इलाज करवाया जाएगा। महिलाओं के परिवार के साथ सहानुभूति हैं। मरने वालों के परिवार को सरकारी मदद दिलाने की पूरी कोशिश की जाएगी।

दूल्हे के चचेरे भाई नन्हे ने बताया कि पूरा परिवार रिक्शा से भात मांगने निकला था। घर पर शादी की तैयारियां चल रही थीं। महिलाएं ढोलक-मजीरा लेकर निकली थीं कि रास्ते में गाना-बजाना करते हुए जाएंगे। रेस लगाने वाले ट्रैक्टरों ने सारी खुशियां बर्बाद कर दीं।

## यूपी में अब 24 जून तक बंद रहेंगे प्राइमरी स्कूल

### योगी सरकार ने बदली व्यवस्था, पहले 15 जून तक होती थी छुट्टी

**प्रयागराज, 17 जून।** योगी सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों में बड़ा बदलाव कर दिया है। बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया- अब परिषद और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में हर साल 20 मई से 24 जून तक गर्मी की छुट्टियां रहेंगी। पहले यह अवकाश 15 जून तक निर्धारित था।

नई व्यवस्था के तहत प्रदेश के सभी बेसिक विद्यालय 25 जून से नियमित पढ़ाई के लिए खुलेंगे। हालांकि शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों और कर्मचारियों को 22, 23 और 24 जून को स्कूल पहुंचकर जरूरी तैयारियां पूरी करनी होंगी।

मंगलवार को ही परिषदीय और उच्च प्राथमिक स्कूलों की छुट्टियां खत्म हुई थीं। स्कूल खुलने पर बच्चों का रोली और टीका लगाकर शिक्षकों ने स्वागत किया। पहले स्कूलों में 20 मई से 15 जून तक गर्मी की छुट्टियां घोषित की गई थीं। कानपुर देहात में बीएसए ने कई स्कूलों को चेक किया।

ये तस्वीर कानपुर देहात की है। सोमवार को स्कूल खुले तो बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडे ने उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़वाई, प्राथमिक विद्यालय मिलकिनपुरवा का निरीक्षण किया।

सोमवार को स्कूल खुले तो बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडे ने उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़वाई, प्राथमिक विद्यालय मिलकिनपुरवा का निरीक्षण किया।

शिक्षकों को विद्यालय खुलने से पहले परिसर, रसोईघर और शौचालयों की साफ-सफाई करानी होगी। इसके अलावा मिड-डे मील की तैयारी, किताबों का वितरण, लेसन प्लान तैयार करना, बिजली और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करना, बाल वाटिका, स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब को संचालित करने योग्य बनाना और खेल सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

घर के बाहर घर जैसा आराम

होटल वैशाली



मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद (बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087



कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई मो. 9235152444

निदान चिकित्सा केन्द्र
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

डा. गुंजन यादव
(M.B.B.S.,D.G.O.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डा. रोहित यादव
(M.B.B.S., M.D.)
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

डा. राधेश्याम यादव
(M.B.B.S., D.T.C.D.), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी (C.M.O) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी (D.T.O.) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक (J.D.) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ (रजि. नं.- 29775)

प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# दवाओं के साथ 'पोषण पोटली' बनी टीबी मरीजों का संबल



बहराइच। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग ने अब दवाओं के साथ पोषण को भी उपचार का महत्वपूर्ण आधार बनाया है। जिला टीबी अस्पताल की ओपीडी में ऐसे मरीजों को जिनका वजन और बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) सामान्य से काफी कम पाया जा रहा है उन्हें दवाओं के साथ पोषण पोटली भी उपलब्ध कराई जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर और कुपोषित टीबी मरीजों के लिए यह पहल उम्मीद का नया सहारा बन रही है।सीएमओ डॉ. संजय कुमार और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा की पहल पर 1 जून 2026 से यह अभियान शुरू किया गया है। विशेष बात यह है कि दोनों अधिकारी अपने निजी सहयोग से इन पोटलियों की व्यवस्था कर रहे हैं। शुरुआती 15 दिनों में 25 जरूरतमंद मरीजों तक यह सहायता पहुंचाई जा चुकी है।करीब एक माह तक चलने वाली इस पोषण पोटली को तैयार करने में लगभग 500 रुपये का खर्च आता है। इसमें मूंगफली, भुना चना, सोयाबीन बड़ी और गुड़ जैसी प्रोटीन एवं ऊर्जा से भरपूर सामग्री शामिल की गई है। यह सामग्री मरीजों के गिरते वजन को नियंत्रित करने, शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा देने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में सहायक है।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि मरीज को अगली पोटली एक माह बाद अस्पताल आने पर ही दी जाएगी। इस दौरान उसके वजन और बीएमआई की दोबारा जांच की जाएगी तथा यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि वह नियमित रूप से दवाओं का सेवन कर रहा है। इससे मरीजों द्वारा उपचार बीच में छोड़ने की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।डॉ. वर्मा ने समाज में फैली भ्रांतियों को खारिज करते हुए कहा कि टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण की आवश्यकता होती है, लेकिन गलत धारणाओं के कारण कई मरीज खांसी के डर से चावल, दही और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर देते हैं। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि खांसी चावल खाने से नहीं, बल्कि टीबी के बैक्टीरिया की वजह से होती है। शुगर के मरीजों को छोड़कर अधिकांश टीबी मरीजों को भोजन में अनावश्यक परहेज नहीं करना चाहिए, बल्कि अधिक से अधिक प्रोटीनयुक्त और संतुलित आहार लेना चाहिए।भारत सरकार के निक्षय पोर्टल और केंद्रीय क्षय रोग विभाग के आंकड़ों के अनुसार, देश में उपचार शुरू होने के समय 50 प्रतिशत से अधिक टीबी मरीज कुपोषण से ग्रस्त पाए जाते हैं। वहीं डब्ल्यूएचओ और लैंसेट की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 55 प्रतिशत पुरुषों और 61.5 प्रतिशत महिलाओं में टीबी का सबसे बड़ा जोखिम कारक कुपोषण है।सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने इस पहल को व्यापक बनाने के लिए सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, उद्योगपतियों और प्रबुद्ध नागरिकों से आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य केवल दवाओं से नहीं, बल्कि उपचार, पोषण और सामाजिक सहयोग के संयुक्त प्रयासों से ही हासिल किया जा सकता है।

# ट्रांमा सेंटर की बदहाली पर भड़का भा0कि0म0 दशहरी यूनियन, सौंपा ज्ञापन



बाराबंकी। जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। भारतीय किसान मजदूर दशहरी यूनियन संगठन ने जिला अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए निहाल अहमद सिद्दीकी ने निष्पक्ष जांच और तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की है। संगठन का आरोप है कि करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित ट्रॉमा सेंटर वर्षों बाद भी अपने मूल उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है, जिसके कारण गंभीर मरीजों को उपचार के लिए लखनऊ और अन्य जनपदों की ओर रेफर किया जा रहा है।यूनियन के प्रदेश सचिव एवं जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन में कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य एवं जीवन सुरक्षा का अधिकार प्राप्त है, लेकिन बाराबंकी में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।उन्होंने आरोप लगाया कि इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेंटर परिसर में स्थापित लगभग 10 बेड का आईसीयू लंबे समय से पूर्ण क्षमता से संचालित नहीं हो रहा है। वहीं ट्रॉमा सेंटर में पैथोलॉजी सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद रात के समय आवश्यक जांच सेवाएं बंद रहती हैं, जिससे गंभीर मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ज्ञापन में ट्रॉमा सेंटर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए हैं। संगठन का कहना है कि स्वीकृत मानकों के अनुरूप विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रशिक्षित स्टाफ और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं है। यही कारण है कि दुर्घटना, हृदयाघात, सिर की गंभीर चोट एवं अन्य आपातकालीन मामलों के मरीजों को तत्काल रेफर कर दिया जाता है।संगठन ने अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था और बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर भी चिंता व्यक्त की है। स्थानीय स्तर पर मिली सूचनाओं का हवाला देते हुए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जीवित मरीजों और शवों के एक्स-रे के लिए एक ही मशीन का उपयोग किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। यूनियन ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है ताकि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।महिला अस्पताल की व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए संगठन ने कहा कि ओपीडी में आने वाली महिलाओं के साथ आए पुरुष परिजनों को प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया जाता है। वृद्ध, अशिक्षित और गंभीर रूप से बीमार महिला मरीजों के हित में इस व्यवस्था की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है।दवा वितरण व्यवस्था को लेकर भी ज्ञापन में गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। संगठन का आरोप है कि चिकित्सकों द्वारा लिखी गई कई दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं होतीं, लेकिन मरीजों को इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती। इससे गरीब एवं ग्रामीण मरीजों को उपचार संबंधी भ्रम और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यूनियन ने उपलब्ध एवं अनुपलब्ध दवाओं की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की मांग की है।ज्ञापन में विशेष रूप से वर्ष 2016 में करोड़ों रुपये की लागत से बने ट्रॉमा सेंटर का उल्लेख करते हुए कहा गया कि लगभग एक दशक बाद भी यह केंद्र पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो सका है। राष्ट्रीय राजमार्गों और व्यस्त यातायात मार्गों से जुड़े बाराबंकी जनपद में प्रतिदिन बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन गंभीर मरीजों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। इससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। भारतीय किसान मजदूर दशहरी यूनियन ने मांग की है कि जिला अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, पैथोलॉजी सेवाओं, संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था एवं दवा वितरण प्रणाली की किसी वरिष्ठ अधिकारी अथवा सक्षम समिति से निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही यदि किसी स्तर पर लापरवाही अथवा अनियमितता पाई जाए तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए और जांच रिपोर्ट को जनहित में सार्वजनिक किया जाए।संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जनपदवासियों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़े इन गंभीर मुद्दों पर शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर सुशील कुमार, रमेश चंद वर्मा एडवोकेट, रिजवान, निधीश एडवोकेट, अलीम, दिलशाद, रविंद्र, सोनू, इमरान, जियाउद्दीन आदि कई लोग मौजूद रहे।

# हत्या के प्रयास के में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार




बहराइच। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोत0 नानपारा राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हत्या के प्रयास में वांक्षित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में पुलिस टीम को सफलता मिली है।

मालूम हो कि दिनांक 12.05.2026 को प्रमोद कुमार पुत्र देशराज, निवासी ग्राम लीलापुरवा दा0 मटिहा थाना कोतवाली नानपारा जनपद बहराइच द्वारा सूचना दी गई कि बड़े पिता रामरूप के पुत्र विनोद को पुरानी रंजिश के कारण विपक्षी राधेश्याम पुत्र राममूरत निवासी उपरोक्त द्वारा फायर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया तथा मौजूद अन्य विपक्षीगण धनीराम पुत्र राममूरत, राममूरत पुत्र ओरीलाल तथा शंकर पुत्र राम भरोसे निवासीगण उपरोक्त द्वारा वादी मुकदमा, वादी के भाई कैलाश पुत्र देशराज तथा रामरूप पुत्र हीरालाल को मारा पीटा गया तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।प्राप्त सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0137/2026 धारा 109(1), 115(2), 352 एवं 351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा उच्चाधिकारियों द्वारा मामले में प्राप्त आदेशों निर्देशों के क्रम में विवेचना प्रारम्भ की गयी।

विवेचना के क्रम में अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे कि तलाश के दौरान मुखबिर खास से प्राप्त सूचना पर समय करीब 03.30 बजे बजरिया नहर पुल के पास मुकदमे से संबंधित अभियुक्तगण 1.राधेश्याम पुत्र राममूरत उम्र करीब 25 वर्ष 2.शंकर पुत्र रामभरोसे उम्र करीब 65 वर्ष 3.विद्याधर पुत्र बेचन नि0गण लीलापुरवा दा0 मटिहा थाना कोत0 नानपारा बहराइच को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तों की निशान देही पर घटना मे प्रयुक्त 01 अदद अवैध कट्टा 0.312 बोर, 01 अदद भाला की बरामदगी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक प्रक्रिया अनुरूप माननीय न्यायालय रवाना किया गया।उक्त की गिरफ्तारी पुलिस टीम में उ0नि0 मनीष कुमार यादव,उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह,हे0का0 मनोहर सिंह,का0 आलोक विक्रम सिंह,का0 अवधेश गौड़,रि0का0 अभिषेक यादव व रि0का0 प्रियांशु मिश्रा शामिल रहे।

# विधायक ने प्रधानों को सौंपा प्रशासक पत्र



बहराइच। विकास खंड तेजवापुर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन कल्याण एवं स्वास्थ्य मेले का मंगलवार को समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने महसी विधानसभा के चार विकास खंडों तेजवापुर, महसी, शिवपुर एवं फखरपुर के ग्राम प्रधानों को प्रशासक पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेले में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पंचायती राज, बाल विकास तथा अन्य विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए थे। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही विभिन्न सेवाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों की जांच एवं परामर्श की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय, दिवाकर पांडेय, बीडीओ प्रतीक,मंडल अध्यक्ष विद्याधर वाजपेयी, धर्मेंद्र शुक्ला, संजय त्रिवेदी, रामनिवास जायसवाल, एडीओ आरडी सौरभ सिंह, पीपी सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रमोद त्रिवेदी सहित जनप्रतिनिधि,अधिकारी, ग्राम प्रधान,कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीएचसी अधीक्षक ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण



बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चित्तौरा के अधीक्षक डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर डीहा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के अभिलेखों की गहनता से जांच की तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। अधीक्षक ने केंद्र पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) से दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र पर मौजूद मरीजों से बातचीत कर उपचार, दवा वितरण एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। डॉ. अग्निहोत्री ने निर्देश दिए कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रतिदिन निर्धारित समय पर खुले तथा आने वाले प्रत्येक मरीज की गुणवत्तापूर्ण जांच और उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों को आवश्यक दवाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक ने आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाना विभाग की प्राथमिकता है। अधीक्षक ने स्वास्थ्य कर्मियों से जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# उत्थान आडिटोरियम में सम्पन्न हुआ विकसित भारत संकल्प सम्मेलन




बहराइच। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में 12 साल विश्वास के, विकास के, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनंद कुमार गोंड रहे। सम्मेलन में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह सहित अन्य अधिकारी, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों के अवलोकन से हुआ। मुख्य अतिथि एवं सांसद ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति और लाभार्थियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सूचना विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया, जिसमें सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, विकास कार्यों तथा जनहितकारी योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया था। जबकि प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, चिकित्सा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, बैंक विभाग, रेशम विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, नगर विकास, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पंचायती राज विभाग की भी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया।

इसके उपरांत ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है।

विशिष्ट अतिथि सांसद गौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।

उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान सनी कुमार रस्तोगी व रोहित चौहान एण्ड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने किया।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन, द्वारा भव्य विशाल भंडारे का सफल आयोजन




बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के पावन मंगलवार के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन, बाराबंकी के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष इंजीनियर जयदीप सिंह 'सिद्धू' के नेतृत्व में श्रद्धा, सेवा और जनकल्याण की भावना से ओत-प्रोत एक भव्य एवं विशाल भंडारे का सफल आयोजन संपन्न हुआ। पवनपुत्र हनुमान जी की असीम कृपा से महाप्रसाद का वितरण प्रभु इच्छा तक निरंतर चलता रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन में भक्तों की अपार आस्था, उत्साह और सेवा भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला।इस पावन अवसर पर बाराबंकी जनपद के अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई तथा महाप्रसाद ग्रहण कर आयोजन की शोभा बढ़ाई। प्रमुख रूप से माननीय जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम गुंजिता अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी सिटी संगम कुमार, कोतवाल सुधीर कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर, खाद्य अधिकारी नीरद पांडेय, चौकी प्रभारीगण सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।साथ ही भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भुल्लन वर्मा जी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

संगठन के जिला अध्यक्ष इंजीनियर जयदीप सिंह 'सिद्धू', जिला महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला, जिला मंत्री (भाजपा) गुरदीप सिंह सिद्धू एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य अतिथियों, व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं के साथ आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इस सफल आयोजन को भव्य बनाने में अतुल गुप्ता, मोनू त्रिवेदी, जन्मेजय गुप्ता, वीरेंद्र वर्मा, मन्नू एवं मुकेश सहित सभी सहयोगियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा, जिनकी निष्ठा, सेवा भावना और समर्पण ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। भव्य आयोजन सामाजिक समरसता, सेवा, सहयोग और धार्मिक आस्था का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर पूरे जनपद में चर्चा का विषय रहा तथा समाज को एकजुट करने का संदेश देता रहा।

# पानी भरते समय करंट लगने से मजदूर की मौत

आजमगढ़। आजमगढ़ में महराजगंज थाना क्षेत्र के नौबरार देवारा जदीद कीता प्रथम गांव में मंगलवार देर रात करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह घर के पास लगे हैंडपंप से पानी भर रहे थे। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव निवासी एकादशी मौर्य (45) पुत्र तप्पू मौर्य देर रात हैंडपंप से पानी भर रहे थे। इसी दौरान किसी कारणवश हैंडपंप में करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गए। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। बताया जा रहा है कि एकादशी मौर्य दो भाइयों में सबसे बड़े थे और मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे।

# 10 लाभार्थियों को मिलेगी आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन

बहराइच । जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पिछड़े वर्ग के भुर्जी जाति एवं परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले 10 लाभार्थियों कारीगरों को आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन का वितरण नि:शुल्क किया जायेगा। पुष्कर ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य है, विभागीय वेबसाइट यूपीकेवीआईबी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड, पास बुक की छाया प्रति के साथ ऑफलाइन आवेदन पत्र पूर्ण कर 30 जून 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नम्बर 9580503159 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.-55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

# सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक



बहराइच । उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं सीएम युवा उद्यमी की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 185 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिनका निवेश मूल्य रू. 2743.59 करोड़ है। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर रू. 2140.07 करोड़ लागत के 146 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे, जिसका सत्यापन उद्यमी मित्र तथा जिलाधिकारी के स्तर से पूर्ण हो गया है। अब तक 123 इकाईयां क्रियाशील हो गयी है। अवशेष इकाईयों की स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही प्रगति पर है। बैठक के दौरान कृष्ण मोहन साल्वेक्स प्रा.लि. के पार्टनर विजय केडिया द्वारा अवगत कराया गया कि इकाई ग्रा. वजीरपुर परगना व तहसील बहराइच में निर्माणाधीन है उक्त बाउण्ड्री के अन्दर कोई निर्माण नही है। मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि आयुक्त महोदय द्वारा कतिपय क्वेरी करते हुए पत्रावली वापस कर दी गयी है। प्रेच्छा का निवारण करते हुए पुन: पत्रावली कार्यालय देवीपाटन मण्डल गोण्डा प्रेषित की दी गयी है। उत्तर प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन के प्रतिनिधि द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि बहराइच रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसका उद्घाटन कराया जायेगा। बैठक में उद्यमियों द्वारा बरसात के दिनों में कैलाष होटल व गल्ला मण्डी के पास पानी जल निकासी की व्यवस्था नहीं है जिससे जलभराव हो जाता है जिसका निराकरण कराते हुए जल निकासी की व्यवस्था करायी जाय।बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने किया।

इस अवसर पर ईओ प्रमिता सिंह, एलडीएम जितेन्द्र मंसंद व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, उद्यमी बृजमोहन मातनहेलिया, मनीष मल्होत्रा, विजय केडिया, सुनील केडिया, संजय कुमार ओझा सहित अन्य उद्यमी, व्यापारी व निर्यातक मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो0 अरमान को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ता-
**अतीक अहमद पुत्र रज्जब अली ग्राम दनियालपुर सफेदाबाद थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी।**

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी नवाबगंज महोदय, बाराबंकी

वाद संख्या-टी 202504120108747

धारा, 38(2) रा0 सं0

गाटा सं0 2745 रक्बा .745 हे0 स्थित ग्राम रहरामऊ परगना प्रतापगंज तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी

ता0पे0- 01.07.2026

1. गोविन्द कुमार 2. रामगोपाल पुत्र गंज स्व0 प्यारेलाल निवासी ग्राम रहरामऊ परगना प्रतापगंज तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी

बनाम

उत्तर प्रदेश सरकार प्रभावित सहखातेदार

1. कुलदीप कुमार 2. जितेन्द्र 3. विकास 4. सुभाष पुत्रगण स्व0 दिनेश कुमार 5. जया प्रदा पत्नी स्व0 दिनेश कुमार 6. प्रवेश कुमार 7. संग्राम सिंह कनौजिया पुत्रगण स्व0 शिवकुमार 8. जया प्रदा पत्नी स्व0 शिवकुमार समस्त निवासीगण ग्राम रहरामऊ परगना प्रतापगंज तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी

चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के 07 के 01 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 2026 के दिवस को निकली गई।

न्यायाधीश

# मुख्यमंत्री का अयोध्या आगमन 19 को, वैक्स म्यूजियम और जोनल कार्यालय का करेंगे लोकार्पण

## महापौर ने नगर आयुक्त संग कार्यक्रम स्थल भ्रमण कर लिया तैयारियों का जायजा



**अयोध्या।** अयोध्या नगर निगम के तत्वाधान में निर्मित बहुप्रतीक्षित रामायण वैक्स म्यूजियम और अयोध्या धाम का नया जोनल कार्यालय बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 जून को दोनों परियोजनाओं का लोकार्पण कर इन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री वैक्स म्यूजियम परिसर में आयोजित समारोह को भी संबोधित करेंगे।

लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित वैक्स म्यूजियम अयोध्या आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का नया आकर्षण बनेगा। म्यूजियम में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान जी, ऋषि वशिष्ठ, रावण, मेघनाथ और जटायु समेत रामायण के प्रमुख 25 से अधिक पात्रों की जीवंत मोम प्रतिमाएं लगाई गई हैं। लोकार्पण के बाद म्यूजियम पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। टिकट और समय-सारिणी की घोषणा 19 जून को उद्घाटन के बाद की जाएगी। यहीं से मुख्यमंत्री मोहबरा बाजार में 10.19 करोड़ रुपये की लागत से बने नए जोनल कार्यालय का भी लोकार्पण करेंगे। इस नए कार्यालय के शुरू होने से अयोध्या धाम क्षेत्र के नागरिकों को नगर निगम से जुड़ी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री के संभावित दौरे से जुड़े सभी स्थलों का निरीक्षण किया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि महापौर ने राम कथा पार्क के निकट स्थित हेलीपैड स्थल का जायजा लिया और घास की सफाई व खुले केबल को अंडरग्राउंड करने के निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों ने ऋषिदेव जैन मंदिर और मनीरामदास की छावनी का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। महापौर ने दोनों भवनों को विशेष रूप से सजाने-संवारने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कार्यक्रम स्थलों पर पेयजल, सफाई, चूना-ब्लीचिंग का छिड़काव, एंटी लार्वा दवा के छिड़काव और फॉगिंग के व्यापक इंतजाम करने को कहा।

डस्ट नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव भी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री इस दौरे में अयोध्या की कई अन्य विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, मुख्य महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ल, अधिशासी अभियंता दीपांकर सिंह एवं सहायक अभियंता राजपति यादव आदि मौजूद रहे।

# कुलपति ने यूपी कैटेट परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**अयोध्या।** प्रदेश के पांचों कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए यूपी कैटेट (उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा) बुधवार से शुरू हो गई। पहले दिन अयोध्या में तीन केंद्रों पर कुल 1105 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इसमें पहले दिन अयोध्या केंद्रों पर परीक्षा के लिए कुल 1205 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए थे।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने अयोध्या के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर लगे सीसीटीवी और सीटिंग प्लान की जांच की। नकलविहीन परीक्षा कराए जाने को लेकर अधिकारियों को सख्त हिदायत भी दी।

कृषि विवि के कुलसचिव डा.पी.एस. प्रमाणिक ने बताया कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 432 अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए पंजीकृत किए गए थे, जिसमें 39 अनुपस्थित रहे। आदर्श इंटर कॉलेज में 341 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे जिसमें 31 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कॉलेज में 432 अभ्यर्थी पंजीकृत थे जिसमें 30 अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 09 से 12 बजे तक आयोजित की गई।

परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर सबसे पहले अभ्यर्थियों की जांच-पड़ताल की गई उसके बाद प्रवेश दिया गया। यह प्रवेश परीक्षा 11 शहरों में आयोजित हो रही है। परीक्षा को पारदर्शी व निष्पक्ष कराने के लिए अभ्यर्थियों के अंगूठे का निशान भी लिया गया।

मिलान काउंसिलिंग के दौरान भी किया जाएगा। इस वर्ष यूपी कैटेट का आयोजन बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय, बांदा आयोजित कर रहा है। आज दूसरे दिन पहली पाली में परास्नातक व पीएचडी की व दूसरी पाली में एमबीए में प्रवेश के लिए परिक्षाएं आयोजित होंगी।

# पूर्व विधायक ने अमर शहीद लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी मार्ग का किया लोकार्पण



**बीकापुर।** विकासखंड क्षेत्र के डेहरियावां में अमर शहीद लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी के नाम से सीसी सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। गोसाईगंज के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी द्वारा विधिवत रूप से मन्त्रोंच्चारण के मध्य शिलान्यास किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा, पूर्व प्रधान स्वदेश तिवारी, धर्मेंद्र मिश्र शिक्षक नेता संजय उपाध्याय, अजय पांडेय, एडिओ पंचायत अवधेश प्रताप सिंह, पंचायत सचिव पूजा वर्मा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। पूर्व विधायक खब्बू तिवारी ने कहा कि सरहद की रक्षा करते हुए डेहरियावा निवासी अमर सपूत शशांक तिवारी ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

जिससे अयोध्या जनपद और पूरा क्षेत्र गौरांवित हुआ है। ग्रामीणों ने शहीद के नाम से निर्मित होने वाली सड़क के निर्माण को के लिए एक महत्वपूर्ण करार देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

# नगर पंचायत गोसाईगंज में आधार संशोधन केंद्र का शुभारंभ



**गोसाईगंज- अयोध्या।** नगर पंचायत गोसाईगंज, जनपद अयोध्या में नगरवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा का शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल के शुभ कर-कमलों द्वारा अध्यक्ष कार्यालय परिसर में आधार संशोधन केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया।

इस केंद्र के प्रारंभ होने से अब नगर गोसाईगंज एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों को आधार कार्ड में संशोधन कराने के लिए दूर-दराज के केंद्रों का रुख नहीं करना पड़ेगा। नगर पंचायत कार्यालय में ही आधार से संबंधित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

केंद्र पर आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर एवं अन्य डेमोग्राफिक अपडेट के साथ-साथ फोटो, फिंगरप्रिंट एवं आईरिस स्कैन जैसे बायोमेट्रिक अपडेट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

ज्ञात हो कि विगत माह नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल द्वारा श्रीट्रोन इंडिया लिमिटेड कंपनी गाजियाबाद को नगर पंचायत परिसर में आधार संशोधन केंद्र स्थापित करने हेतु पत्राचार किया गया था। स्वीकृति प्राप्त होते ही आज इस केंद्र का शुभारंभ कर दिया गया।

यह केंद्र प्रत्येक कार्यदिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 4.00 बजे तक संचालित रहेगा। आवेदकों की संख्या अधिक होने की स्थिति में नागरिकों की सुविधा हेतु टोकन सिस्टम के माध्यम से आधार संशोधन कार्य किया जाएगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस नई सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आधार से संबंधित आवश्यक संशोधन समय पर कराएं।

**बिकाऊ है**

मारुति अर्टिगा व CUMMINSgenerator 25 KVA eichers generator 10 KVA कार

**गाड़ी नम्बर:**

1-UP 42AV6602, Modal 2019

2- 1,44,000 किलोमीटर चली हुई

3- सिंगल ओनर

4-सभी पेपर क्लियर

5- इंश्योरेंस अपडेटेड

**संपर्क करें**

JBNSS

मो.न.- 8601874725

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान चतुर्थ सिविल जज सी.डि.अयोध्या

मूलवाद संख्या-1113/2025

तारीख पेशी-11.07.2026

शिवपूजन ............. वादी

बनाम

सूरज पुत्र स्व. जगराम निवासी ग्राम तकपुरा पोस्ट दर्शननगर परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या.... प्रतिवादी

हरगाह वादी... ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 11 माह 07 सन् 2026 ई. वक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के वकील के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया हो और कुछ शख्स हो कि जबाब ऐसे सवालात का जबाब दें सके हाजिर हो जबाब देही का दावा करे और आप को लाजिम है कि राज जुमला है दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आप को इत्तिला दी जाती है कि अगर बरीज मजकुर और हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर लजमूअ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत ओर मोहर अदालत के आज तारीख.....माह....सन् 2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सप्तम अपर जिला जज अयोध्या

निगरानी (टी.वी.)-37/2026

ता0 पेशी0 01.07.2026

शिवपूजन................प्रार्थी/निगरानीकर्ता

बनाम

राज्य सरकार आदि........विपक्षीगण

बनाम-1.राज्य सरकार कलेक्टर महोदय अयोध्या 2.सूरज कुमार पुत्र रमेश निवासी पुरखेपुर हाल पता आनन्द शिखर बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर साकेतपुरी 3. मालती पत्नी स्व. जगराम 4. सूरज पुत्र स्व.जगराम 5.पूजा पुत्री स्व. जगराम 6.चन्द्रा पुत्र स्व. जगराम निवासीगण ग्राम तकपुरा पोस्ट दर्शननगर थाना कोतवाली नगर अयोध्या जनपद अयोध्या .... विपक्षीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्‌दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 07 के 01 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के के दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में हर नागरिक की भूमिका अहम : संतोष सिंह

## विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में प्रबुद्धजनों से किया गया संवाद

**अयोध्या।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों से संवाद स्थापित करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों और विकसित भारत के विजन पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी संतोष सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब समाज का प्रत्येक वर्ग अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही भाजपा का उद्देश्य है।

विधायक चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि संगठन लगातार समाज के सभी वर्गों से संवाद स्थापित कर सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रहा है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने देश के साथ-साथ अयोध्या के विकास को भी नई गति दी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक आधारभूत संरचना, बेहतर नागरिक सुविधाओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के माध्यम से अयोध्या विश्व पटल पर अपनी नई पहचान बना रही है। सम्मेलन को सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा, पूर्व कुलानुशासक अजय प्रताप सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा मंजूषा पाण्डेय, बार एसोशिएसन के पूर्व अध्यक्ष पारसनाथ पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व स्मति चिन्ह देकर स्वागत किया। संचालन राममोहन भारती ने किया।



सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रामचन्दर यादव, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, संजीव सिंह,अवधेश पाण्डेय बादल, महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, तिलकराम मौर्या, शिवम् शुक्ला, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, शिवम सिंह, सुशील मिश्रा, अमित कुमार मिश्र, जेपी श्रीवास्तव, सहित बडी संख्या में पार्टी पदाधिकारी चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षाविद् सहित अन्य प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

सम्मेलन के उपरांत राम की पैड़ी पर %प्रगति के पथ पर 12 वर्ष विषयक प्रदर्शनी का उद्घाटन कर उसका अवलोकन किया गया। इसके बाद रामकथा पार्क में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक दर्जन पौधों का रोपण भी किया गया।

# डीएम व एसपी ने किछौछा दरगाह का किया निरीक्षण



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** आगामी पर्व/त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर श्रीमती ईशा प्रिया एवं पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा बसखारी क्षेत्र अंतर्गत किछौछा दरगाह में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई। पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों द्वारा दरगाह परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई।

अधिकारियों ने आमजन से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का अनुरोध किया। जनपद पुलिस द्वारा पर्व/त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। इस दौरान सीओ सिटी नितिश तिवारी प्रभारी निरीक्षक बसखारी भुपेंद्र सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक स्वतंत्र मौर्या आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अम्बेडकरनगर पुलिस जनसुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय देवाशीष उपाध्याय ने संभाला पदभार



**अयोध्या।** खाद्य विभाग में प्रशासनिक बदलाव किया गया है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मानिक चंद्र सिंह को अयोध्या से कार्यमुक्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर देवाशीष उपाध्याय ने नए सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले देवाशीष उपाध्याय की तैनाती जौनपुर में थी। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा शुरू कर दी है।



# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड अयोध्या

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–02 /EE/TWD/AYO/2026-27/दिनांक:08.06.2026

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सिविल कार्यों हेतु "सी" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत अनुभव प्राप्त ठेकेदारों से मोहर बन्द निविदायें फिक्स दरों पर दिनांक:30.06.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आंमत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड अयोध्या के कार्यालय में गठित निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक:23.06.2026 से दिनांक:30.06.2026 तक सायं 3.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड अयोध्या से ऐसे निविदा दाता जो निम्नलिखित नियम व शर्तें पूरी करते हो निम्नानुसार निर्धारित शुल्क नकद रूप में जमा कर एवं वांछित अभिलेखों की मूल प्रतियां एवं सत्यापित छाया प्रति प्रस्तुत करने पर निविदा प्राप्त कर सकते है। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र सिंचाई विभाग की वेबसाइट www.idup.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है परन्तु निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड अयोध्या के नाम देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर/डी0डी0 के रूप में निम्नांकित तालिका के अनुसार लॉटवार निविदा प्रपत्र का मूल्य भारतीय स्टेट बैंक आफ इण्डिया का होना चाहिए) निविदा आफर के साथ आवश्यक रूप से जमा किया जायेगा। निविदा–प्रपत्र का मूल्य, निविदा के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु विभाग में पंजीकरण, जिलाधिकारी के स्वयं के हस्ताक्षर द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (आई0डी0टी0–1) तथा हैंसियत प्रमाण पत्र (आई0डी0टी0–2) की मूल प्रतियां प्रस्तुत की जायेंगी तथा उनकी सत्यापित प्रतियां ठेकेदार अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदा आफर के साथ जमा की जायेगी। अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा जो कि ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हो, भी निर्धारित शुल्क तथा उक्त अभिलेख प्रस्तुत कर निविदा–प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड अयोध्या के पक्ष में बंधक होगी जमा कराना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।

| लाट सं0 | कार्य का नाम | यूनिट | मात्रा | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित (भारतीय रू0मे) | धरोहर धनराशि (भारतीय रू0 मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 मे) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Face lifting of pump house, delivery tank, bathing tank ,cleaning, leveling & dressing of tubewell compound and repairing of water distribution system (line gul and outlet) as per drawing of tubewell including earth work on the bank of linegul of tubewell no-107BG village-Parsavan Mahola, block -Tarun. (Bricks and Cement will be provided by the Department.) | Job | 01 | 3.90 | 8000.00 | 180 Days | 150.00+18% GST (27.00)=177.00 | सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल "सी" एवं उच्च श्रेणी के पंजीकृत एवं अनुभव प्राप्त ठेकेदार |
| 02 | Face lifting of pump house, delivery tank, bathing tank ,cleaning, leveling & dressing of tubewell compound and repairing of water distribution system (line gul and outlet) as per drawing of tubewell including earth work on the bank of linegul of tubewell no-48 FG village-Tandoli, block -Maya. (Bricks and Cement will be provided by the Department.) | Job | 01 | 3.50 | 6500.00 | 180 Days | 150.00+18% GST (27.00)=177.00 | सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल "सी" एवं उच्च श्रेणी के पंजीकृत एवं अनुभव प्राप्त ठेकेदार |
| 03 | Face lifting of pump house, delivery tank, bathing tank ,cleaning, leveling & dressing of tubewell compound and repairing of water distribution system (line gul and outlet) as per drawing of tubewell including earth work on the bank of linegul of tubewell no-156BG village-Sonauragaupur, block –Tarun (Bricks and Cement will be provided by the Department.) | Job | 01 | 3.35 | 7000.00 | 180 Days | 150.00+18% GST (27.00)=177.00 | सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल "सी" एवं उच्च श्रेणी के पंजीकृत एवं अनुभव प्राप्त ठेकेदार |
| 04 | Face lifting of pump house, delivery tank, bathing tank ,cleaning, leveling & dressing of tubewell compound and repairing of water distribution system (line gul and outlet) as per drawing of tubewell including earth work on the bank of linegul of tubewell no-173BG village-Bhaggujalalpur, block -Haringtonganj. (Bricks and Cement will be provided by the Department.) | Job | 01 | 3.80 | 8000.00 | 180 Days | 150.00+18% GST (27.00)=177.00 | सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल "सी" एवं उच्च श्रेणी के पंजीकृत एवं अनुभव प्राप्त ठेकेदार |
| 05 | Face lifting of pump house, delivery tank, bathing tank ,cleaning, leveling & dressing of tubewell compound and repairing of water distribution system (line gul and outlet) as per drawing of tubewell including earth work on the bank of linegul of tubewell no-272BG village-Sendhutara block – Haringtonganj (Bricks and Cement will be provided by the Department.) | Job | 01 | 3.40 | 7000.00 | 180 Days | 150.00+18% GST (27.00)=177.00 | सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल "सी" एवं उच्च श्रेणी के पंजीकृत एवं अनुभव प्राप्त ठेकेदार |
| 06 | Face lifting of pump house, delivery tank, bathing tank, cleaning, leveling & dressing of tubewell compound and repairing of water distribution system (line gul and outlet) as per drawing of tubewell including earth work on the bank of linegul of tubewell no-112BG village-Sagarpur block– Bikapur. (Bricks and Cement will be provided by the Department.) | Job | 01 | 3.10 | 6500.00 | 180 Days | 150.00+18% GST (27.00)=177.00 | सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल "सी" एवं उच्च श्रेणी के पंजीकृत एवं अनुभव प्राप्त ठेकेदार |
| 07 | Face lifting of pump house, delivery tank, bathing tank ,cleaning, leveling & dressing of tubewell compound and repairing of water distribution system (line gul and outlet) as per drawing of tubewell including earth work on the bank of linegul of tubewell no-301BG village-Shahganj block – Haringtonganj (Bricks and Cement will be provided by the Department.) | Job | 01 | 2.60 | 6000.00 | 180 Days | 150.00+18% GST (27.00)=177.00 | सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल "सी" एवं उच्च श्रेणी के पंजीकृत एवं अनुभव प्राप्त ठेकेदार |
| 08 | Face lifting of pump house, delivery tank, bathing tank ,cleaning, leveling & dressing of tubewell compound and repairing of water distribution system (line gul and outlet) as per drawing of tubewell including earth work on the bank of linegul of tubewell no-01BG village-Inayatnagar block- Milkipur. (Bricks and Cement will be provided by the Department.) | Job | 01 | 3.58 | 7500.00 | 180 Days | 150.00+18% GST (27.00)=177.00 | सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल "सी" एवं उच्च श्रेणी के पंजीकृत एवं अनुभव प्राप्त ठेकेदार |

नियम व शर्ते

1. निविदा हेतु सिंचाई विभाग के उपरोक्त अंकित श्रेणी के वही ठेकेदार अर्ह होगें जिनके पास विभाग में सम्बन्धित कार्य कराने का अनुभव हो। अनुभव हेतु सक्षम स्तर से निर्गत प्रमाण–पत्र लगाना अनिवार्य होगा। बिना प्रमाण–पत्र के निविदा स्वीकार्य नहीं की जायेगी। प्रपत्र के साथ सिंचाई विभाग की निर्धारित श्रेणी में पंजीकरण प्रमाण–पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र (ITD-1), हैसियत प्रमाण– पत्र (ITD-2) एवं स्व घोषणा शपथ–पत्र (ITD-3) के समस्त अभिलेखों की निविदा खोलने के समय मूल प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
2. निविदा की विस्तृत शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध होंगी।
3. पूर्व में सिंचाई विभाग के पूर्ण किये गये समान कार्य का विगत 03 वर्षो में किसी एक वर्ष में तीन/दो/एक कार्य का अनुभव कम से कम निविदत्त कार्य के अनुमानित लागत के कमशः 40%/50%/80% होना चाहिये।
4. विगत तीन वर्षो में प्रत्येक वर्ष कार्य के अनुमानित लागत के दो गुना टर्न ओवर जो कि सी0ए0 द्वारा प्रमाणित हो।
5. प्रयुक्त मैटेरियल उच्च गुणवत्ता के हो तथा उन्हें इंजीनियर इंचार्ज (Engineer-In-charge) के निरीक्षणोंपरान्त ही प्रयुक्त किया जायेगा।
6. अनुबन्धकर्ता द्वारा ठेकेदार के बीजकों से नियमानुसार देय जी0एस0टी, आयकर, स्टैम्प ड्यटी, रॉयल्टी व प्रचलित टैक्स की कटौती की जायेगी। अनुबंध से पूर्व नियमानुसार शेष धरोहर धनराशि एवं स्टाम्प ड्यटी जमा करनी होगी।
7. कार्य स्थल पर आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई/बढ़ाई जा सकती है जिसके लिये ठेकेदार का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। कार्य के सम्बन्ध में ठेकेदार को कार्यप्रभारी के आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
8. निविदादाता को उपरोक्तानुसार कार्य की पूर्ण जानकारी निविदा डालने से पूर्व स्वयं प्राप्त करनी होगी एवं कोई भी अन्य जानकारी वेबसाईट पर ड्राइंग उपलब्ध न होने की स्थिति में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
9. निविदादाता/बिडर द्वारा निविदा डालते समय प्रकिया की पूर्ण जानकारी/ट्रेनिंग अथवा किसी अन्य कारणों से शर्तो को पूर्ण न कर पाने/बाधित हो जाने के कारण निविदा न पड़ने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
10. शर्त युक्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
11. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण अथवा आंशिक रुप से किसी भी स्तर पर निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
12. यह संज्ञान में आने पर कि किसी निविदादाता द्वारा किसी अन्य संभावित निविदादाता को इस निविदा प्रक्रिया में भाग लेने एवं निविदा डालने से रोका गया हो या धमकी दी गयी हो तो ऐसे ठेकेदार के साथ यदि अनुबन्ध हो भी गया हो तो भी उसके साथ किया गया अनुबन्ध निरस्त किया जा सकता है।
13. कोई निविदादाता जो राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।
14. राज्य बार काउन्सिल में पंजीकृत कोई भी अधिवक्ता निविदा प्रक्रिया में भाग नही ले सकेगा।
15. यदि कोई निविदादाता निर्धारित विधि एवं प्रक्रिया के विरुद्ध अनुबन्ध करने हेतु सक्षम प्राधिकारी पर दबाव/असम्यक् असर डालता है तो प्रश्नगत निविदादाता के न्यूनतम निविदा की स्थिति में भी उसकी निविदा निरस्त की जा सकेगी तथा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
16. विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय में यदि कोई परिवर्तन होता है तो इसकी पूर्व सूचना नोटिस बोर्ड पर पृथक से उपलब्ध करा दी जायेगी। प्रत्येक निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात निविदा के सम्बन्ध में होने वाली किसी भी संशोधन/शुद्धि–पत्र की जानकारी प्राप्त करते रहें अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
17. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रों का पहले यह निरीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता IDT-1, IDT-2, IDT-3 तथा निर्धारित प्रतिभूति धनराशि एवं अनुभव प्रमाण पत्र ठीक–ठीक उपलब्ध कराये गये है या नही। इनमें किसी प्रकार की कमी या असन्तोषजनक या फर्जी/गलत होने की स्थिति में सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म की निविदा निरस्त की जा सकती है तथा सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म के नाम तत्काल काली सूची में दर्ज करा दिया जायेगा।
18. अनुबन्ध गठित होने के पश्चात भी यदि यह तथ्य संज्ञान में आता है कि किसी भी स्तर पर नियमों का उल्लंघन किया गया है तो ऐसे अनुबंध को सक्षम अधिकारी द्वारा सकारण आदेश प्रख्यापित कर निरस्त किया जायेगा तथा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
19. टी0ए0सी0/आडिट अथवा अन्य उच्चाधिकारी द्वारा निर्धारित वसूली सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म द्वारा वहन की जायेगी।
20. शासनादेश सं0–622/23–12–2012–2 आडिट/08 टी0सी0 दिनांक 08.06.2012 के निहित निर्देशानुसार कार्यो की विभागीय दरों से ठेकेदारों द्वारा दी गयी निविदत्त दर 1% से 10% तक कम होने पर 0.5% प्रति 01% की कमी पर एवं 10%से अधिक दरों की कमी पर 01%की कमी 01% अतिरिक्त परफार्मेन्स धरोहर धनराशि देय होगी। यह अतिरिक्त परफार्मेन्स धरोहर धनराशि निविदा में उल्लेखित धरोहर धनराशि के अतिरिक्त देय होगी तथा अनुबन्ध के समय उक्त परफार्मेन्स धरोहर धनराशि जमा करने की बाध्यता होगी। ठेकेदार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्य कराने में असफल रहने पर धरोहर धनराशि तथा परफार्मेन्स धरोहर धनराशि विभाग द्वारा जब्त कर ली जायेगी जिसके लिए ठेकेदार का कोई दावा मान्य नहीं होगा। यह शर्त शासन के द्वारा समय–समय पर दिये गये आदेशों/निर्देशो के अधीन होगा।
21. यदि किसी प्रकार कार्य प्राप्त करने के लिए कार्य की अनुमानित लागत से अत्यन्त कम दरें दी जाती हैं तो ऐसी स्थिति में यदि सक्षम अधिकारी को यह आशंका हो कि ठेकेदार द्वारा साभिप्राय कम दरें दी जा रही हैं और इस प्रकार गुणवत्ता के अनुसार मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण किया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा। तो सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि व निविदादाता से कम दरें देनें का विस्तृत विवरण मांगे यदि आशंका की पुष्टि हो जाती है कि निविदादाता द्वारा सभिप्राय ऐसा किया जा रहा है ता गुण–दोष (मेरिट) के आधार पर सक्षम अधिकारी द्वारा सकारण आदेश प्रख्यापित कर निविदा निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर विभागी कार्यवाही की जा सकती हैं।
22. निविदत्त कार्य समयबद्ध कार्य हैं। अतः निर्धारित समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करनें हेतु रात्रि काल में भी कार्य कराये जानें की आवश्यकता हो सकती हैं। रात्रिकाल में कार्यो के सम्पादन हेतु समुचित प्रकाश की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं करनी होगी। जिसके लिए कोई भुगतान अलग से देय नही होगा ।
23. कार्य का सबलेट नही किया जा सकता है अन्यथा की स्थिति में अनुबन्ध निरस्त कर ठेकदार पर विभागीय कार्यवाही की जायेगी।
24. निविदा संभावित वित्तीय स्वीकृति/बजट आवंटन की प्रत्याशा में निर्गत की जा रही हैं। यदि किन्ही कारणों से बजट आवंटन/ वित्तीय स्वीकृति कम होता है अथवा नही होता है तो प्राप्त बजट के सापेक्ष ही अनुबन्ध गठन किया जायेगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा जिसके लिए ठेकेदार का कोई दावा मान्य नही होगा।
25. अपरिहार्य कारणों से या कार्य की परिस्थितियों के अनुसार अनुबन्ध गठित करने अथवा न गठित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा । जिसके लिए ठेकेदार/फर्म का कोई दावा मान्य नही होगा।
26. ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य पूर्ण होने की तिथि से एक वर्ष की लिखित वारंटी देना अनिर्वाय होगा। वारंटी अवधि में अनुबन्ध के साथ बंधक प्रतिभूतियों को अवमुक्त नही किया जायेगा ।
27. निविदा प्रपत्र के साथ जी0एस0टी तथा पैन कार्ड की प्रति लगाना अनिवार्य होगा।
28. निविदा प्रपत्र का मूल्य नगद/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड, अयोध्या के पक्ष में देय होगा।
29. धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/किसान विकास पत्र/डाक घर बचत पास बुक/राष्ट्रीयकृत बैंको केएफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 आदि जो अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड, अयोध्या के पद नाम से बंधक होगी, मूल रूप में स्वीकार की जायेगी।
30. निविदा के साथ रू0 100/– के स्टैम्प पेपर पर रू0 1/– का रेवेन्यू टिकट लगाकर लिखना होगा कि निविदा की वैधता/दरें 180 दिवस तक के लिये मान्य होगी एवं संलग्न करना होगा। इससे पहले निविदा/ऑफर वापस लाने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
31. तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग लिफाफों में सील बन्द कर पुनः दोनों लिफाफों को एक लिफाफा में डाल कर जमा करना होगा।
32. समस्त कार्य सम्बन्धित नलकूप पर करना होगा।
33. लिफाफे के उपर लाट सं0 एवं निविदा संख्या लिखना अनिवार्य होगा।

Website: www.upgov.nic.in
UPID- 252685 DATE- 16.06.2026

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड,अयोध्या

तरुणमित्र
गुरूवार,18 जून 2026
संवत- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष.- 04

# बहुत कुछ करना होगा

*हाल ही अमरीकी कंपनी एंथ्रोपिक द्वारा अपने सबसे शक्तिशाली एआइ मॉडल्स 'फेबल 5' और 'मायथोस 5' के उपयोग पर गैर-अमरीकियों के लिए लगाया गया प्रतिबंध वैश्विक टेक जगत के लिए बड़ा 'वेक-अप कॉल' है। यह घटना साबित करती है कि वैश्विक डिजिटल निर्भरता के इस दौर में कोई भी देश दूसरे देशों के एआइ टूल्स पर पूरी तरह भरोसा नहीं कर सकता। यदि कभी अन्य प्रमुख एआइ टूल्स का रास्ता भी भारतीयों के लिए बंद हो जाए, तो हमारे बढ़ते स्टार्टअप्स और डिजिटल इकोसिस्टम का कामकाज ठप हो सकता है। ऐसे में इंडिया एआइ मिशन और स्वदेशी एलएलएम का विकास करना अब हमारी मजबूरी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी संप्रभुता का मामला बन गया है। इस तकनीकी होड़ के बीच एक दूसरा बड़ा संकट भी हमारे सामने खड़ा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024-25 में अकेले भारत के डेटा सेंटर्स ने लगभग 150 अरब लीटर पानी की खपत की है, जिसके 2030 तक 358 अरब लीटर पहुंचने का अनुमान है। डेटा सेंटर्स को ठंडा रखने के लिए भारी मात्रा में पानी और चौबीसों घंटे बिजली की जरूरत होती है। वर्तमान में हमारे मुख्य डेटा सेंटर मुंबई, चेन्नई और बेंगलूरु जैसे क्षेत्रों में केंद्रित हैं, जो पहले से ही गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। भारत को अपना डेटा सुरक्षा के लिए खुद का एआइ इंफ्रास्ट्रक्चर भी चाहिए। साथ ही, अपने सीमित बिजली-पानी के संसाधनों को भी बचाना है।*

*लेकिन, यहां एक तीसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष आर्थिक व्यवहार्यता और टैलेंट का भी है। 'फेबल 5' जैसे अत्याधुनिक मॉडल्स को प्रशिक्षित करने में अरबों डॉलर का खर्च आता है। भारत के लिए उच्च क्षमता वाले चिप्स की वैश्विक कमी और शीर्ष एआइ विशेषज्ञों के ब्रेन ड्रेन को रोकना एक बड़ी ढांचागत चुनौती है। सही मायने में केवल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना पर्याप्त नहीं है, उसे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाना भी जरूरी है। हमें तकनीक का अंधा विरोध किए बिना एक संतुलित मल्टी-मॉडल स्ट्रैटेजी अपनानी होगी। इस दिशा में चीन का प्रयोग एक सबक हो सकता है, जिसने कूलिंग के लिए समुद्र के नीचे डेटा सेंटर स्थापित किए हैं। भारत तीन तरफ से समुद्र से घिरा हुआ है। ऐसे में अपनी विशाल तटीय रेखा का उपयोग इस तकनीक के लिए कर सकता है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों में ग्रीन एनर्जी जिसमें सौर और पवन ऊर्जा शामिल है, उनके जरिए डेटा सेंटर्स को संचालित करने के जो प्रयोग हो रहे हैं, उन्हें पूरे देश में लागू करना होगा। अब समय है कि सरकार डेटा सेंटर्स के लिए लिक्विड इमर्शन कूलिंग और उपचारित पानी का उपयोग अनिवार्य करे। अमरीकी प्रतिबंध की इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए हमें एक ऐसी संतुलित नीति बनानी होगी, जहां आत्मनिर्भर तकनीक का विकास भी हो और पर्यावरण का संरक्षण भी।*

# आखिर कौन है राममंदिर चंदा गबन का अहम किरदार



*- मनोज कुमार अग्रवाल -*

अयोध्या में श्री राम मंदिर की दान की राशि में हेरफेर कर करोड़ों रुपये के गबन का मामला इन दिनों सुर्खियों में है। इस मामले में अब पांच किरदार सामने आए हैं। ये सभी दान राशि की गिनती की ड्यूटी से जुड़े हैं। बताया जा रहा है कि इनके खिलाफ पुख्ता सुबूत भी मिले हैं।

अभी भी वह राज खोल रहे हैं। हालांकि हेरफेर के पीछे किसकी शह थी, क्या कोई बड़ा शख्स इसका साजिशकर्ता है? आखिर कौन है वह जो जानबूझकर इस मामले को दबाने के लिए कथित आंतरिक कमेटी बना कर अपने पापों पर परदा डालने की कोशिश करते रहे देर सवेर इस बड़े किरदार के धतकरम के सारे राज सामने आएंगे तो बहुत से लोगों को गहरा धक्का लगा सकता है। करीब एक सप्ताह पहले राम मंदिर में आए चढ़ावे और दान (चंदे) में कथित गड़बड़ियों और चोरी को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोपों के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने एक विशेष जांच दल का गठन किया है, जो पूरे मामले की जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने दान में हेराफेरी के आरोपों की जांच के लिए 3 सदस्यीय स्क्वॉड का गठन किया है। इसे 7 दिन में प्रारंभिक और 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। मंदिर के दानपात्र और चढ़ावे की गिनती का काम करने वाले कुछ कर्मचारी जांच के घेरे में हैं। 18-20 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने वाले कर्मचारियों द्वारा डेढ़ करोड़ रुपये तक की जमीन खरीदने की बात सामने आई है।

एक कर्मचारी के घर से भारी नकदी बरामद होने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने संदेह के आधार पर कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मामले को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। वहीं, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आंतरिक ऑडिट का हवाला देते हुए किसी बड़ी गड़बड़ी से फिलहाल इनकार किया है। आपको बता दें कि कुछ ऐसे विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिनमें दान की गिनती के दौरान कर्मचारी और पुजारी रूपये की गड्डी हेरफेर कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रमाशंकर से पूछताछ जारी है। रिकवरी भी की गई है। इससे ये स्पष्ट हो गया है कि इनकी इसमें भूमिका है लेकिन इतने संवेदनशील जगह से रकम पार करते रहने और पकड़ा न जाना कई सवाल खड़े करता है।

जब वह पकड़े गए हैं तब तक करोड़ों की रकम इधर से उधर की जा चुकी है। ऐसे में अंदेशा है कि क्या इसके पीछे किसी बड़े शख्स की साजिश है। वह ट्रस्ट से जुड़ा या फिर किसी अन्य विभाग आदि से है। फिलहाल इसको लेकर कोई स्पष्टता नहीं है इतने संवेदनशील व बड़े मामले में अब तक ट्रस्ट के किसी बड़े जिम्मेदार ने कोई बयान जारी नहीं किया है। हर कोई खामोश है। इसलिए तमाम तरह की चर्चाओं व कयास का दौर जारी है। ट्रस्ट से जुड़े जुड़े दो ऐसे लोग भी हैं, जिन पर कई सवाल उठ रहे हैं। उनकी कोई भूमिका है या नहीं, ये तभी पता चल सकेगा जब कोई एजेंसी या एसआईटी मामले की विस्तृत जांच करेगी। ट्रस्ट से जुड़े एक पदाधिकारी का टिन्नू करीबी है। वह दशकों से उनसे जुड़ा है। जिन पांच संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है, उसमें शामिल रमाशंकर का टिन्नू रिश्तेदार भी है। सूत्रों के मुताबिक टिन्नू का हस्तक्षेप हर किसी काम में रहता था। इसलिए उस पर सवाल उठ रहे हैं। उसको लेकर ट्रस्ट के एक पूर्व पदाधिकारी ने कैमरे सामने गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस अधिकारी का कहना है कि मामले में कोई लिखित शिकायत तक नहीं मिली है। लिहाजा पूछताछ आदि का सवाल ही नहीं उठता है। पुलिस के बड़े अधिकारी भी खामोश हैं। हालांकि सूत्रों का कहना है कि पूछताछ से लेकर रिकवरी की प्रक्रिया में पुलिस की एक टीम लगी है। राम मंदिर की दान राशि में गबन के मामले में अब तक 2.98 करोड़ रुपये की रिकवरी की जा चुकी है। यह रकम पकड़े गए संदिग्धों की निशानदेही पर बरामद की गई है। गुपचुप ढंग से चल रही जांच में आठ करोड़ रुपये से अधिक के हेरफेर के संकेत व साक्ष्य मिले हैं। हालांकि जांच पूरी होने के बाद यह राशि घट या बढ़ सकती है।

श्रीराम मंदिर के दानपात्रों की धनराशि चोरी करने का खेल शायद सामने भी नहीं आ पाता, यदि इसके सूत्रधार वे नहीं बनते, जो मंदिर प्रबंधन में दखल बढ़ाने को लेकर परेशान थे।इन्हीं लोगों ने रणनीति के तहत पहले सूचनाएं एकत्र कीं, फिर ट्रस्ट के एक पदाधिकारी को जानकारी देकर आरोपित को रंगे हाथ पकड़वाया।इसे छिपाने का प्रयास हुआ तो जानकारी लीक कर दी गई। सूत्र बताते हैं कि ट्रस्ट के एक पदाधिकारी के ड्राइवर रहे रामशंकर यादव 'टिन्नू' का बहुत कम समय में इतना हस्तक्षेप बढ़ गया कि वह न केवल राम मंदिर का प्रबंधन देखने लगा, बल्कि परिसर के अन्य आयोजनों व कार्यों का भी दायित्व संभालने लगा।पता चला कि यह गड़बड़ी लंबे समय से चल रही है। इस प्रकरण से उक्त ट्रस्ट पदाधिकारी को सूचित कर रंगे हाथ पकड़वाने के बारे में सोचा गया। पांच जून को दोपहर में अचानक ट्रस्ट पदाधिकारी रामजन्मभूमि के यात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) पहुंच गए। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने तुरंत सुरक्षाकर्मी को बुला कर निकलते समय एक गणना कर्मी की तलाशी करा दी, तो कुछ धन बरामद हो गया। उससे पीएफसी के कमरे में ले जाकर गहन पूछताछ हुई तो दूसरे लोगों के नाम भी सामने आ गए। बता दें कि इस सनसनीखेज मामले के खुलासे के बाद से ट्रस्ट गोपनीय जांच में जुटा है। लेकिन पदाधिकारी लगातार चुप्पी साधे हैं। आधिकारिक तौर पर पुलिस को भी शामिल नहीं किया गया है। लेकिन करोड़ों का गबन की रिकवरी की जद्दोजहद में सभी जुटे हैं। पकड़े गए संदिग्धों के अलावा और कौन-कौन लोग इसमें शामिल हैं इसका पता लगाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक अभी तक गबन की राशि सही आंकड़ा सामने नहीं आया है, लेकिन संदिग्धों से पूछताछ में मिली जानकारी व साक्ष्यों के आधार पर आठ करोड़ से अधिक के खेल का अंदेशा है। संदिग्धों के घर व ठिकानों के साथ बैंक खाते भी खंगाले जा रहे हैं। इनमें अवनीश के खाते से पांच लाख रुपये मिले हैं। यह रकम उसने दान राशि से गायब की थी। जेवरात भी मिले हैं।पुलिस ने शनिवार को रुदौली के मीनापुर ठकुरन फगौली गांव में मंदिर कर्मचारी लवकुश के घर छापा मारा गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान 10-12 लाख रुपये बरामद किए गए।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर को मिले दान में गबन के तूल पकड़ने के बाद आखिरकार राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया। एसआईटी में लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, लखनऊ जोन की पुलिस महानिरीक्षक किरन एस और विशेष वित्त सचिव नीलरतन शामिल हैं। दल सात दिन में प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा और 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट देगा।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष के इस बयान के बाद श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहाकि मंदिर नियमित रूप से आने वाले ट्रस्ट का ऑडिट करवाता है। ऐसे में किसी भी गलती की गुंजाइश नहीं है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वर्तमान ऑडिट अभी चल रहा है। अभी तक कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। ट्रस्ट की तरफ से कहा गया कि यह सभी आरोप तीर्थ क्षेत्र की छवि को खराब करने के लिए और करोड़ों श्रृद्धालुओं की भावनाओं को आहत करने की गंभीर साजिश का हिस्सा हैं। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय और ट्रस्ट का बयान भले ही सामने आ गया हो, लेकिन मंदिर में गबन की खबरों के बाद मामला तूल पकड़ गया। सरकार की तरफ से भी इस पर तमाम ऐक्शन की खबरें सामने आईं। इतना ही नहीं पीएमओ ने भी इन आरोपों पर नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया।

विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले की जांच एसआईटी कर रही है और उसकी रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर आने की संभावना है। जांच पूरी होने से पहले एफआइआर दर्ज करने की मांग करना जल्दबाजी होगी। जाहिर है कि राम मंदिर से जुड़े मामले के कारण सरकार संगठन और मंदिर प्रबंधन सभी सधे कदमों से फूंक फूंक कर कदम रख रहे हैं लेकिन कोई चोरों का संरक्षण देने वाला किरदार जरूरी है और इस अहम किरदार का नाम सामने आने से होने वाली बदनामी से बचना चाहते हैं। लेकिन क्या यह उचित है?

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं)**
**सम्पर्क 9219179431**

# बेरोजगारी की तपती आग में राख हो रहा विकसित भारत का सपना



*- प्रो. आरके जैन "अरिजीत" -*

देश के राजमार्ग विस्तृत हो रहे हैं, हवाई अड्डे आधुनिक बन रहे हैं, डिजिटल अर्थव्यवस्था नए कीर्तिमान गढ़ रही है और भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। लेकिन इस चमकदार विकास के बीच एक प्रश्न लगातार उठ रहा है-यदि प्रगति इतनी तेज़ है, तो रोजगार के अवसर क्यों सिकुड़ रहे हैं? हालिया आँकड़ों के अनुसार, मई 2026 में बेरोजगारी दर 5.5 प्रतिशत तक पहुँचना केवल एक आर्थिक संकेतक नहीं, बल्कि लाखों युवाओं, ग्रामीण परिवारों और शिक्षित बेरोजगारों की बढ़ती चिंता का प्रतिबिंब है। विकास की रफ्तार बढ़ रही है, पर रोजगार उसका साथ नहीं दे पा रहा। यही असंतुलन आज भारत की सबसे बड़ी आर्थिक और सामाजिक चुनौती बन गया है। क्या रोजगार सृजन के बिना विकास की यह यात्रा सचमुच पूर्ण कही जा सकती है? इस चुनौती का सबसे गहरा असर ग्रामीण भारत में दिखाई देता है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) के अनुसार मई 2026 में ग्रामीण बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। यह आँकड़ा भले छोटा लगे, पर इसके पीछे की सच्चाई कहीं अधिक गंभीर है। गाँव का युवा अब केवल खेती के सहारे अपना भविष्य नहीं देखता। कृषि आय की अनिश्चितता, बढ़ती लागत और सीमित अवसरों ने उसका भरोसा डगमगा दिया है। वहीं गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगार सृजन की गति भी अपेक्षित नहीं रही।

नतीजतन, लाखों युवा या तो शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं या बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। मनरेगा में बढ़ती मांग इस बात का स्पष्ट संकेत है कि रोजगार संकट अब गाँवों की चौखट तक पहुँच चुका है। शहरी क्षेत्रों की तस्वीर भी पूरी तरह संतोषजनक नहीं है। यद्यपि शहरी बेरोजगारी दर 6.4 प्रतिशत रही, लेकिन रोजगार बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने अवसरों को सीमित कर दिया है। जिन शहरों को कभी संभावनाओं का केंद्र माना जाता था, वहीं आज हजारों योग्य युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं। आईटी और सेवा क्षेत्र, जो लंबे समय तक रोजगार वृद्धि के प्रमुख आधार रहे, अब अपेक्षाकृत धीमी गति से अवसर पैदा कर रहे हैं।

तकनीकी बदलावों और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं ने भी रोजगार के नए अवसरों को प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप, शहर अब केवल उम्मीदों ही नहीं, बल्कि बढ़ती निराशा के भी केंद्र बनते जा रहे हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति युवाओं की है। 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी दर लगभग 15 प्रतिशत (मार्च 2026 में 15.2%) तक पहुँचना केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि भविष्य को लेकर बढ़ती असुरक्षा का संकेत है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी लाखों युवा रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। युवा महिलाओं की स्थिति और भी गंभीर है, जिनके लिए अवसर अपेक्षाकृत कम हैं। शिक्षा संस्थानों से निकलने वाले युवाओं के हाथ में डिग्रियाँ तो हैं, लेकिन उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल का अभाव अक्सर उनके मार्ग में बाधा बन जाता है। यही बढ़ता 'स्किल गैप' भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश को शक्ति के बजाय चुनौती में बदलने का खतरा पैदा कर रहा है।

इस स्थिति ने स्वाभाविक रूप से सरकार पर भी दबाव बढ़ाया है। पीएम किसान, आत्मनिर्भर भारत, स्किल इंडिया और स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं ने रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक पहल की है, लेकिन व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन अब भी अपेक्षित गति नहीं पकड़ सका है। विनिर्माण क्षेत्र में 'चाइना प्लस वन' रणनीति ने भारत के लिए नए अवसरों के द्वार खोले हैं, किंतु उन्हें बड़े पैमाने पर रोजगार में बदलने की प्रक्रिया अभी अधूरी है। विशेषकर एमएसएमई क्षेत्र वित्तीय चुनौतियों, सीमित ऋण उपलब्धता और अन्य संरचनात्मक बाधाओं से जूझ रहा है, जबकि सबसे अधिक रोजगार सृजन की क्षमता इसी क्षेत्र में निहित है। वास्तविक आवश्यकता अब ऐसी आर्थिक दृष्टि की है, जिसमें विकास और रोजगार को अलग-अलग नहीं, बल्कि एक-दूसरे का आधार माना जाए। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, बुनियादी ढाँचे का विस्तार और डिजिटल अर्थव्यवस्था का सशक्तीकरण निस्संदेह महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हैं, किंतु केवल इनके बल पर रोजगार संकट का स्थायी समाधान संभव नहीं है।

ग्रामीण भारत को नई शक्ति और गति देने के लिए फूड प्रोसेसिंग, पर्यटन, हस्तशिल्प, लघु उद्योगों तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में व्यापक और लक्षित निवेश की आवश्यकता है। यदि रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगे, तो पलायन कम होगा और क्षेत्रीय असमानताएँ भी घटेंगी। महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी बढ़ाना भी उतना ही आवश्यक है। सुरक्षित कार्य वातावरण, कौशल विकास कार्यक्रमों और उद्यमिता को प्रोत्साहन देकर लाखों महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सकता है। साथ ही शिक्षा संस्थानों और उद्योग जगत के बीच मजबूत एवं व्यावहारिक तालमेल स्थापित करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है, ताकि युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि वास्तविक रोजगार योग्य कौशल भी प्राप्त हो सके।

रोजगार का प्रश्न केवल नौकरी तक सीमित नहीं है; यह आत्मसम्मान, सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय प्रगति से जुड़ा एक गहन एवं व्यापक विषय है। यह आँकड़े वर्तमान साप्ताहिक स्थिति पर आधारित हैं, जो अल्पकालिक बेरोजगारी को अधिक स्पष्ट दिखाते हैं, जबकि सामान्य स्थिति (वार्षिक) में यह दर लगभग 3.2 प्रतिशत रहती है। दरअसल, यह संकट एक बड़ा अवसर भी है। भारत के पास विश्व का सबसे बड़ा युवा कार्यबल बनने की क्षमता है, पर यह तभी संपदा बनेगा जब रोजगार को राजनीतिक विमर्श से ऊपर उठाकर राष्ट्रीय संकल्प बनाया जाए। 5.5 प्रतिशत बेरोजगारी दर चेतावनी देती है कि विकास का अर्थ केवल ऊँची जीडीपी, निवेश या चमकते शहर नहीं हैं। विकास तभी सार्थक है जब वह युवाओं को काम, परिवारों को सुरक्षा और समाज को विश्वास दे। ग्रामीण भारत की उम्मीदों को केंद्र में रखकर रोजगार-प्रधान और समावेशी नीतियाँ अपनाई जाएँ, तभी 'विकसित भारत' का सपना साकार हो सकता है, वरना विकास की चमक के पीछे बेरोजगारी की परछाई और गहरी होती जाएगी।

## ...आज का दिन...

**मेष**- आज दिन 8/14 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, स्वयं का निर्णय हितकर, यश में वृद्धि, शेष समय अशुभ, प्रगति में अवरोध, वैवाहिक अड़चनें, अकेलेपन की अनुभूति।

**वृषभ**- उन्नति का मार्ग प्रशस्त, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, जीवन साथी से सामंजस्य, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, वरिष्ठजनों से सम्पर्क।

**मिथुन**- पराक्रम में वृद्धि, परिस्थितियां अनुकूल, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, सुसंदेश की प्राप्ति, सद्विचारों का उदय, आनन्द की अनुभूति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।

**कर्क**- आज दिन 8/14 बजे तक कार्यों में गतिरोध, समस्याएं प्रभावी, मानसिक तनाव, यात्रा दुखद, शेष समय उन्नतिकारक, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, भोग-विलासिता में रुचि।

**सिंह**- आज दिन 8/14 बजे तक आर्थिक प्रगति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, मान-सम्मान में वृद्धि, शेष समय में जोखिम से नुकसान, पारिवारिक उलझनें, विवाद की आशंका।

**कन्या**- कार्य-व्यवसाय अर्थ-पक्ष में उन्नति, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, जीवन साथी से सानिध्य, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आनन्द की अनुभूति।

**तुला**- अधूरे कार्यों की पूर्ति, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, आशानुकूल घटना घटित, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, पठन-पाठन में अभिरुचि, मानसिक राहत, यात्रा सुखद।

**वृश्चिक**- आज दिन 8/14 बजे तक आशा के विपरीत, स्वजनों से विवाद, सम्बन्धों में कटुता, कष्ट भी, शेष समय शुभ फलदायी, महत्वपूर्ण उपलब्धि, मंगलकृत्य सम्पन्न।

**धनु**- आज दिन 8/14 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, विचारित कार्यों में उन्नति, नवसम्पर्क का सुयोग, शेष समय कष्टकर, प्रेमसम्बन्धों में कटुता, वाहन से कष्ट।

**मकर**- दिनमान अनुकूल, आपसी सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, राजनैतिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर।

**कुम्भ**- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, पारिवारिक खुशी, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, महत्वपूर्ण सफलता।

**मीन**- आज दिन 8/14 बजे तक व्यावसायिक हानि, सहयोगियों से असहयोग, प्रियजनों से मतभेद, शेष समय बेहतर, आशानुकूल घटनाएं घटित, प्रसन्नता भी।

**-: श्री विमल जैन :-**
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

# भीषण गर्मी में प्यासे गांव: दर्जनों हैंडपम्प खराब, कई उगल रहे बालू

**तरूणमित्र न्यूज**

**चहनियां (चंदौली)।** भीषण गर्मी के बीच चहनियां क्षेत्र के कई गांवों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। क्षेत्र के बलुआ, महुअर कला, पूरा विजई, रामगढ़, नादी, नैढी, कूरां सहित दर्जनों गांवों में हैंडपम्प खराब पड़े हैं, जबकि कई हैंडपम्पों से पानी के बजाय बालू निकल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गंगा तटीय क्षेत्र होने के कारण भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिससे पेयजल की समस्या और गंभीर हो गई है। कई महीनों से खराब पड़े हैंडपम्पों की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते लोगों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर खराब हैंडपम्पों की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे ब्लॉक मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी जावेद अख्तर ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर जांच कराकर खराब हैंडपम्पों की मरम्मत कराई जाएगी।

## चंदौली

# बिजली व्यवस्था पर सांसद का बड़ा एक्शन

### लो-वोल्टेज, कटौती और जर्जर तारों पर अफसरों की लगी क्लास



**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जिले में चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर आयोजित जिला विद्युत समिति की बैठक में सांसद वीरेन्द्र सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में सांसद ने अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, जर्जर तारों और खराब ट्रांसफार्मरों की समस्याओं पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि भीषण गर्मी में जनता की परेशानी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के साथ सांसद ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि जर्जर एवं लटकते तारों को तत्काल बदला जाए तथा ढीले तारों को युद्धस्तर पर दुरुस्त किया जाए। खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय सीमा में बदलने और मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए गए।

सांसद ने विशेष रूप से उन गांवों का मुद्दा उठाया जहां आज भी लोग बांस-बल्ली के सहारे बिजली की लाइन खींचकर उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने इसे ग्रामीणों की जान से खिलवाड़ बताते हुए तत्काल पोल लगाकर सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का आदेश दिया। बैठक में चेतावनी दी गई कि बिजली संबंधी शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सांसद ने कहा कि हर घर तक सुरक्षित और निर्बाध बिजली पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रमुख सुर्खियां-

बिजली कटौती और लो-वोल्टेज पर सांसद का सख्त रुख

जर्जर तार व खराब ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश

बांस-बल्ली के सहारे बिजली सप्लाई पर जताई नाराजगी

लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी

सुदूर गांवों तक बिजली पहुंचाने के लिए तय हुई डेडलाइन

# मालवीय पुल पर रात में यातायात डायवर्जन लागू

### 16 जून से 13 अगस्त तक ऑटो, टोटो और मालवाहक वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध

**तरूणमित्र न्यूज**

**वाराणसी/चंदौली।** मालवीय पुल (राजघाट पुल) पर मरम्मत कार्य के चलते प्रशासन ने विशेष यातायात डायवर्जन व्यवस्था लागू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार 16 जून 2026 से 13 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन रात 10 बजे से सुबह 6.30 बजे तक पड़ाव चौराहे से सूजाबाद पुलिस चौकी एवं राजघाट पुल की ओर जाने वाले सभी ऑटो, टोटो तथा मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। पुल के ड्रेनेज स्पाउट एक्सपेंशन ज्वाइंट की मरम्मत का कार्य मेरठ की निर्माण एजेंसी द्वारा कराया जाएगा। इस दौरान प्रभावित वाहन पड़ाव चौराहा, रामनगर, सामनेघाट, विश्व सुन्दरी पुल, बहादुरपुर एवं रिंग रोड होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। पुलिस प्रशासन ने आमजन और वाहन चालकों से अपील की है कि निर्धारित अवधि में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग दें।

# नौरंगाबाद में लाखों की चोरी, नकदी समेत जेवरात ले उड़े चोर

**तरूणमित्र न्यूज**

**कमालपुर, चंदौली।** सकलडीहा थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद गांव में सोमवार रात चोरों ने दिल मोहम्मद शाह उर्फ बाबू शाह के घर धावा बोलकर लाखों रुपये मूल्य के आभूषण व 60 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोर पश्चिमी दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में घुसे और तीन कमरों के ताले व आलमारियां तोड़ डालीं। सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी पर हाथ साफ कर अटैची खेत में फेंक दी। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

# रिंग रोड पर भीषण हादसा: बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के कुरहना गांव के समीप रिंग रोड पर सोमवार देर शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, मलोखर गांव निवासी 22 वर्षीय तौफीक अपने साथी के साथ महादेवपुर स्थित गोल्डन काशी वाटर पार्क से बाइक द्वारा घर लौट रहा था।

इसी दौरान कुरहना गांव के पास रिंग रोड पर उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस ने दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने तौफीक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है।

उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और बाइक के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने को हादसे का कारण माना जा रहा है।

# खेत बचाओ अभियान: स्वस्थ मिट्टी से सशक्त किसान और समर्थ भारत का संकल्प



**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं "खेत बचाओ अभियान-स्वस्थ मिट्टी, सशक्त किसान, समर्थ भारत" के तहत मंगलवार को विकास खंड चहनियां के कैथी गांव में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, चंदौली एवं कृषि विभाग चंदौली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रघुवंशी ने की। उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा भूमि की उर्वरता बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी। उद्यान वैज्ञानिक मनीष सिंह ने वृक्षारोपण, फलदार पौधों के रोपण की वैज्ञानिक विधि, खाद प्रबंधन एवं उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को जागरूक किया। साथ ही उन्नत सब्जी उत्पादन तकनीकों की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया गया।

# यूनियन बैंक अग्निकांड: क्षेत्रीय अधिकारियों ने लिया जायजा, फाइलों से लेकर लॉकर तक सब सुरक्षित

### आग लगने की घटना के बाद बैंक प्रशासन ने ली राहत की सांस, सेवाएं जल्द होंगी सामान्य

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** नगर स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा में शनिवार रात्रि हुई आग लगने की घटना के बाद रविवार को बैंक के क्षेत्रीय एवं उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने शाखा के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि बैंक की महत्वपूर्ण फाइलें, अभिलेख, दस्तावेज तथा ग्राहकों के लॉकर पूरी तरह सुरक्षित हैं। बैंक अधिकारियों ने बताया कि आग की घटना से किसी भी ग्राहक की जमा पूंजी अथवा लॉकर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।



घटना के बाद बैंक परिसर में पहुंचे अधिकारियों ने शाखा प्रबंधन से जानकारी ली तथा आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

दमकल विभाग की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। बैंक प्रशासन ने ग्राहकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि बैंकिंग सेवाएं सुरक्षित हैं और जल्द ही पूरी तरह सामान्य रूप से संचालित होंगी।

**अदालती नोटिस**

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 बअदालत उपजिलाधिकारी महोदय चकिया -चन्दौली। बमुकमदा नम्बर टी 202514180206818 मान सिंह बनाम् उर्मिला वगैरह बनाम् 1-जगवन्ती देवी पत्नी प्रदीप कुमार निवासी ग्राम भटरौल पट्टी मझिली तहसील चकिया जिला चन्दौली। 2-सुषमा विश्वकर्मा पत्नी नितिन कुमार निवासी ग्राम एस 23/62 डी .ए.27 आर ढेलवरिया चौकाघाट वाराणसी। बावजह हो कि मानसिंह ने आप के नाम एकनालिस बावत दाखिल हुआ है लिहाजा आप को लाजिम है कि खुद या बजरिए अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर जो कुछ उज्र हो आज तारीख 18 माह 06 सन् 2026 ई ववक्त 08 बजे मुकदमा अदालतन या बजरिए अधिवक्ता /वकील अदालत हाजा में हाजिर हो कर मुकदमें की पैरवी करें वरना आप के खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 01 माह 06 सन् 2026 को जारी किया गया। ता0 पेशी 18/06/2026

# बैलगाड़ी पर बैठकर कलेक्ट्रेट पहुंचे सपाई



लखनऊ। लखनऊ में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार दोपहर कड़ी धूप में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। कई कार्यकर्ता बैलगाड़ी पर सवार होकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचे।कैसरबाग स्थित पार्टी के जिला कार्यालय से लेकर जिला कलेक्ट्रेट तक बैलगाड़ी से ही चले। इस प्रदर्शन में पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा, लोहिया वाहिनी, यूथ ब्रिगेड और समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना था- पेट्रोल इतना महंगा हो गया है कि इस तरह चलने को मजबूर हो गए हैं। महंगाई बढ़ती जा रही है। हाथों में सपा का झंडा लेकर लाल टोपी पहनकर और शर्ट उतार कर भीषण गर्मी में सपा कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी करते हुए नजर आए। प्रदर्शन में शामिल सपा नेता अनीस राजा ने कहा कि मौजूदा सरकार ने पेट्रोल और डीजल इतना ज्यादा महंगा कर दिया है कि हम लोग गाड़ियों में नहीं डलवा सकते। इसलिए आज बैलगाड़ी पर सवार होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस सरकार ने हमें गाड़ी छोड़कर बैलगाड़ी पर चलने पर मजबूर कर दिया। हम लोग यह सरकार के साथ आम जनता को भी बताना चाहते हैं कि विकास के नाम पर विनाश की ओर जा रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल सपा नेता राम सिंह राणा ने कहा- जब से भाजपा आई है, कमरतोड़ महंगाई है। जो सरकार राम के नाम पर बनी थी, वह आज राम का मंदिर नहीं बचा पा रही है। वहां पर अरबों रुपए का चंदा चोरी हो रहा है। यह चंदा चोरी करोड़ों भक्तों की आस्था के साथ खिलवाड़ है यह सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। हम लोग किसान और मजदूर परिवार से आते हैं इसलिए आज बैलगाड़ी से प्रदर्शन करने पहुंचे हैं। किसानों के दर्द को सरकार तक पहुंचाएंगे।

बैलगाड़ी पर सवार अर्धनग्न होकर सलीम काकोरी ने कहा कि इस सरकार ने हमारे तन पर कपड़ा भी नहीं छोड़ा। सरकार ने हमें नंगा करके छोड़ा है। यह सरकार कहती है कि सोना-चांदी ना खरीदो, तेल ना खरीदो।

यह सरकार मंगलसूत्र, शिक्षा, रोजगार, परीक्षा सब छीनने का काम कर रही है। आज हम लोग योगी सरकार को जगाने के लिए लखनऊ कलेक्ट्रेट आए हैं। अगर यह सरकार नहीं जाएगी तो यूपी के एक-एक विधानसभा क्षेत्र में बैलगाड़ी लेकर जाएंगे और उसके बाद जंतर-मंतर पहुंचकर आम जनता की लड़ाई लड़ेंगे। 22 लाख 80 हजार छात्रों का पेपर लीक हुआ। यह हुआ नहीं, करवाया गया है ताकि युवा रोजगार ना मांगें।

# वितरकों तथा थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का सघन निरीक्षण



लखनऊ। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा निर्गत आदेशों एवं निर्धारित निरीक्षण बिंदुओं के अनुपालन में 15 एवं 16 जून को फल एवं सब्जी उत्पाद यथा विभिन्न प्रकार के अचार, सॉस, जैम, जेली, मयोनीज एवं चटनी आदि के संबंध में प्रदेशव्यापी औचक निरीक्षण एवं विशेष छापामार प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया। उक्त प्रदेशव्यापी विशेष अभियान के अंतर्गत फल एवं सब्जी उत्पाद यथा विभिन्न प्रकार के अचार, सॉस, जैम, जेली, मयोनीज एवं चटनी आदि निर्माण इकाइयों, स्टॉकिस्ट ध् वितरकों तथा थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का सघन निरीक्षण किया गया।

अभियान की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता व्यवस्था, कच्चे माल की गुणवत्ता, अभिलेखों के अनुरक्षण, पैकेजिंग एवं लेबलिंग प्रावधानों तथा संभावित अपमिश्रण की जांच करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की गई। इस विशेष अभियान के दायरे से छोटे खुदरा विक्रेताओं एवं 50 किग्रा0 से कम निर्माण करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं को पृथक रखा गया।

विशेष अभियान के दौरान लगभग 337 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए कुल 550 नमूने संग्रहित किए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। साथ ही 195.5 क्विंटल खाद्य पदार्थ जब्त किया गया, जिनका अनुमानित मूल्य लगभग ?17.06 लाख (सत्तरह लाख छः हजार) है। इसके अतिरिक्त अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में संग्रहीत एवं मानव उपभोग हेतु अनुपयुक्त पाए गए 171.8 क्विंटल खाद्य पदार्थ का विनष्टीकरण कराया गया, जिनका अनुमानित मूल्य लगभग ?11.86 (ग्यारह लाख छियासी हजार) है। उपरोक्त अभियान की बड़ी कार्यवाहियां निम्नवत है - लखनऊ - बाम्बे फूड इण्डस्ट्रीज विनिर्माण इकाई से कालातीत कुल 458 किग्रा0 सॉस मूल्य 1,19,496 रुपए है, सीज किया गया तथा प्रतिष्ठान से कुल 2 नमूने लिए गए, बाबा फूड प्रोडेक्ट्स बिना लाइसेंस संचालित पायी गयी, जिसे मौके पर बन्द कराया गया तथा सुधार सूचना जारी की गयी।

नीलांस इण्टरप्राइजेज से 2269 किग्रा0 कालातीत अचार एवं चिली सॉस मूल्य 5,82,358 रुपया नष्ट कराया गया। मथुरा- एस. आर. इण्टरप्राइजेज नामक विनिर्माण इकाई से 03 नमूना संग्रहित करते हुए दूषित परिस्थितियों में संग्रहित अचार बनाने की 600 किग्रा0 सामग्री मूल्य रुपया-90,000 नष्ट कराया गया। कानपुर नगर- विशाल भारत इण्डस्ट्रीज के खाद्य कारोबारकर्ता के उपस्थित न होने के कारण विनिर्माण इकाई का सीज किया गया। गाजियाबाद-राहुल अचार वाले से दूषित परिस्थितियों में संग्रहित अचार मात्रा 2400 किग्रा0 मूल्य रुपया- 9,60,000 नष्ट कराया। आदर्श खोड़ा / आदर्श नगर स्थित 02 अवैध अचार फैक्ट्रियों में दूषित परिस्थितियों में अचार निर्माण होने के दृष्टिगत सीज की गयी। हाथरस - मेहता एग्रो फूड निर्माण फैक्ट्री में भी दूषित परिस्थितियों में अचार निर्माण होने के दृष्टिगत 6,300 किग्रा0 अचार मूल्य 1,34,800 नष्ट कराया गया। मुजफ्फरनगर-अन्नपूर्णा फूड प्रोडेक्ट्स में दूषित परिस्थितियों में निर्माण के दृष्टिगत 2000 किग्रा0 स्नैक्स सॉस मूल्य 1,20,000 नष्ट कराया गया।

बागपत-स्वाती एग्रो फूड प्रोडेक्ट से 02 नमूने संग्रहित करते हुए 54 किग्रा0 सड़े -गले खाद्य पदार्थ मूल्य 3,240 रुपया नष्ट कराया गया।गोरखपुर-रितिमा फूड प्रोडेक्ट्स (सॉस फैक्ट्री) में भारी गन्दगी एवं मानक विहीन निर्माण पाये जाने 50 किग्रा0 मूल्य 3000 रुपया नष्ट तथा 350 किग्रा0 सन्दिग्ध गुणवत्ता का सॉस मूल्य 12,600 रुपया सीज किया गया।इस सम्बंध में यह भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कार्यवाही के दौरान छोटे/खुदरा कारोबारी या हाकरों का उत्पीडन कदापि न किया जाए एवं गलत कार्यों में लिप्त खाद्य कारोबारियों पर सतत रूप से नजर रखी जाए।

# 9 साल बाद पकड़े गए जेल से फरार दो कैदी



आजमगढ। आजमगढ़ में यूपी एसटीएफ और आजमगढ़ पुलिस के संयुक्त अभियान में 2016 में आजमगढ़ मंडलीय कारागार से फरार हुए दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी पिछले करीब नौ सालों से फरार चल रहे थे। वाराणसी जोन के एडीजी ने इन पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चंद्रशेखर उर्फ शेखर और प्रकाश मुशहर के रूप में हुई है। इनके खिलाफ 2016 में सिधारी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। गौरतलब है कि अगस्त 2016 में आजमगढ़ मंडलीय कारागार से तीन कैदी दीवार फांदकर फरार हो गए थे। इस मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी जितेंद्र मुशहर को 10 फरवरी 2024 को यूपी एसटीएफ और आजमगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया जा चुका है। अब शेष दोनों फरार आरोपियों को भी पुलिस ने दबोच लिया है। संयुक्त पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि जेल से फरार होने के बाद वे लगातार अपनी पहचान छिपाकर अलग-अलग स्थानों पर रह रहे थे। इस दौरान उन्होंने पंजाब के विभिन्न इलाकों में मजदूरी और खेती का काम किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी किसी काम से गाजीपुर जाने के उद्देश्य से आजमगढ़ आए थे। इसी दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक 18 अगस्त 2016 को रक्षाबंधन के दिन खाना खाने के बाद जितेंद्र मुशहर, चंद्रशेखर उर्फ शेखर और प्रकाश मुशहर ने करछुल, चादर और गमछे की मदद से जेल की दीवार फांदकर फरार हो गया था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का संबंध एक ऐसे गैंग से रहा है, जिसने कई गंभीर वारदातों को अंजाम दिया था। इनमें तरवां थाना क्षेत्र में मंदिर परिसर में पुजारी और दो ग्रामीणों की हत्या के बाद डकैती की घटना प्रमुख है। इसके अलावा 21 मार्च 2014 को जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित जीवन ज्योति क्लीनिक के संचालक डॉ. विनोद यादव के घर डकैती के दौरान डॉ. विनोद यादव और उनकी पत्नी डॉ. संगीता यादव की हत्या कर दी गई थी। 25 मार्च 2014 को जौनपुर जिले के केराकत थाना क्षेत्र के ग्राम सोहनी में डकैती के दौरान घर मालिक अगरतु और उनकी पत्नी जुवरा देवी की हत्या कर दी गई थी। इसी तरह मार्च 2014 में बलिया जिले के फेफना थाना क्षेत्र के मुलायमनगर गांव में डकैती के दौरान एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ आजमगढ़ और बलिया जिलों में हत्या, डकैती समेत कुल छह गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# मोदी सरकार के 12 साल पर भाजपा का जनसंपर्क अभियान

लखनऊ। उकेंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी का जनसंपर्क अभियान जिलेभर में जारी है। अभियान के चौथे दिन बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए घर-घर संपर्क, सम्मेलन, प्रदर्शनी और जनसंवाद कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यह अभियान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक चलेगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूरे होने पर पार्टी व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चला रही है। इसके तहत 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन', प्रेस वार्ता, प्रदर्शनी और घर-घर संपर्क जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता इस समय जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दे रहे हैं। आनंद द्विवेदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाज के प्रबुद्ध वर्ग, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ में हुए विकास कार्यों की जानकारी दे रहे हैं।

पार्टी का उद्देश्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को सीधे जनता तक पहुंचाना है।अभियान के तहत 16 और 17 जून को जिला स्तर पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं 17 से 20 जून तक केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। 17 जून को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया, जिसमें मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जा रहा है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेतृत्व में चल रहे अभियान के तहत 18 और 19 जून को प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

अभियान का समापन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा। इस अवसर पर प्रदेश के सभी मंडलों में विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आमजन भाग लेंगे।

# राज्य सड़क परिवहन निगम की सेवा से अभ्यर्थियों को रियायती दर पर यात्रा सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी:दयाशंकर सिंह

लखनऊ। नीट (यूजी)-2026 परीक्षा में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की सेवा से अभ्यर्थियों को रियायती दर पर यात्रा सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। यह जानकारी देते हुए परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि नीट(यूजी)-2026 की 21 जून, 2026 को होने वाली परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को 20 जून, 2026 एवं 21 जून को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु परिवहन निगम को निर्देश जारी किये गए है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवहन निगम की बसों में प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्धारित किराए में 50 प्रतिशत की छूट अनुमन्य रहेगी।

इस संबंध में एम डी परिवहन निगम प्रभु एन सिंह ने बुधवार को सभी क्षेत्रीय/सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश जारी कर दिए है। उन्होंने बताया कि परिचालक द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी से प्रवेश पत्र की 01 प्रति प्राप्त कर ली जाय। परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी को ही 50 प्रतिशत रियायती दर पर टिकट निर्गत किया जाएगा।

एमडी ने बताया कि परिचालक द्वारा प्रवेश पत्र देख कर अभ्यर्थियों को ईटीआईएम से चाइल्ड टिकट जारी किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि परिचालक अभ्यर्थियों को टिकट निर्गत करने से पूर्व उसके परीक्षा प्रवेश पत्र पर अंकित परीक्षा तिथि व फोटो की अवश्य जाँच कर लें कि वह अनुमन्य अवधि के अन्तर्गत ही यात्रा कर रहा है।परिचालक द्वारा वेबिल के पृष्ठ भाग में अभ्यर्थियों का विवरण यथा रोल नंबर, नाम एवं यात्रा का मार्ग, टिकट धनराशि आदि नोट किया जाएगा। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र की एक छायाप्रति अनिवार्य रूप से रखी जायेगी एवं उसको भविष्य हेतु सुरक्षित भी रखा जायेगा।अपरिहार्य स्थिति में ईटीआईएम मशीन से 50 प्रतिशत रियायती दर टिकट जारी न होने की दशा में डिपो प्रभारी अथवा केंद्र प्रभारी से दूरभाष पर अनुमति प्राप्त कर मैनुअल टिकट निर्गत किये जाने की स्थिति में परिचालक ब्लैंक टिकट बुक से रियायती टिकट जारी करेगा तथा मार्ग पत्र पर प्रस्थान स्थान से गन्तव्य स्थान आदि विवरण का अंकन भी करेगा। एम डी ने कहा है कि उक्त अवधि में कोई भी क्षेत्रीय प्रबंधक / सेवा प्रबंधक / सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अवकाश पर नहीं जायेगा। यदि अवकाश पूर्व से स्वीकृत है तो प्रबंध निदेशक महोदय की अनुमति से ही अवकाश पर जा सकेंगे। संपर्क सूत्र आशीष सिंह।

# बालिका शिक्षा को नई उड़ान दे रही योगी सरकार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में विगत दिनों आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में छात्राओं की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल अधिगम, छात्रावास संचालन, खेल गतिविधियों, छात्रवृत्ति भुगतान तथा आधारभूत सुविधाओं से जुड़े 18 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। योगी सरकार का लक्ष्य प्रत्येक बालिका को सुरक्षित, सुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है।

योगी सरकार बालिका शिक्षा को केवल विद्यालयी पढ़ाई तक सीमित नहीं रख रही। उसे सुरक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, खेल, छात्रावास सुविधाओं और जीवन कौशल से जोड़ते हुए समग्र विकास का माध्यम बना रही है। सुरक्षा से शिक्षा, छात्रवृत्ति से स्मार्ट लर्निंग और छात्रावास से खेल सुविधाओं तक दिए गए निर्देश स्पष्ट करते हैं कि योगी सरकार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को बालिका सशक्तीकरण के सशक्त केंद्रों के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल प्रदेश की हजारों बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और आत्मनिर्भर भविष्य की नई संभावनाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।भीषण गर्मी को देखते हुए सभी विद्यालयों में कूलर, पंखे, एग्जॉस्ट फैन और जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एक सप्ताह के भीतर खाद्यान्न आपूर्ति से संबंधित प्रक्रियाएं पूरी कर विद्यालयों में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने को कहा गया है। बालिकाओं एवं स्टाफ की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा छात्राओं को ग्रीष्मकालीन गृहकार्य उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया है।योगी सरकार ने जून माह की प्रगति रिपोर्ट, फर्नीचर खरीद, रोटी मेकिंग मशीन, वॉशिंग मशीन, सोलर गीजर, फोक म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट और ओपन जिम जैसी स्वीकृत गतिविधियों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिन जनपदों में कर्मियों का नवीनीकरण लंबित है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर पूरा करने को कहा गया है।विद्यालयों में डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए कंप्यूटर, ब्रॉडबैंड और अनलिमिटेड डेटा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पिछले और वर्तमान बैच की छात्राओं का विवरण, भुगतान की स्थिति तथा बैंक खातों की सीडिंग की समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पात्र छात्राओं को लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके।निर्माणाधीन छात्रावास, अतिरिक्त डॉरमेट्री, कंप्यूटर लैब और टॉयलेट ब्लॉक के कार्यों का सत्यापन एवं उपयोग प्रमाण-पत्र शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिन परियोजनाओं का निर्माण 90 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है, उन्हें शीघ्र हस्तांतरित कर संचालन शुरू करने को कहा गया है। इसके अलावा केजीबीवी एक खेल कार्यक्रम में प्रगति धीमी होने वाले जनपदों को गतिविधियां तेज करने तथा चिह्नित बालिकाओं को 3 जुलाई तक खेल प्रशिक्षण केंद्रों से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

# दो मंदिरों से हजारों का कैश चोरी

कानपुर। कानपुर के सच्चेण्डी शातिर चोरो ने दो मंदिरों को निशाना बनाते हुए हजारों का कैश पार कर दिया। सुबह ज़ब मंदिर के महंत आये तो दान पात्र टूटा देख उनके होश उड़ गए। उसमे पड़ा कैश गयाब था। वहीं दूसरे मंदिर मे दान दिया गया पैसा शातिर चोर पार कर ले गए। सुबह सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ओर घटना की जाँच पड़ताल शुरू की।पुलिस सीसीटीवी फुटेज़ के आधार पर तलाश में जुटी सच्चेण्डी थाना क्षेत्र के किसान नगर हाइवे के पास बने श्री स्वामी नारायण मन्दिर के महंत वासुदेवाय नंद ने बताया की वह करीब सात साल से मंदिर की देखरेख कर रहे। महंत ने बताया की देर रात शातिर मंदिर की दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुए और मंदिर के बगल मे बने कमरे मे रखे दान के चालीस हजार रूपये कैश लेकर फरार हो गए।सुबह ज़ब वह सोकर उठे और कमरे मे गए तो कैश गायब था। वहीं थोड़ी दूर पर बने हनुमान मंदिर का भी दान पात्र टूटा होने की सूचना मिली वहाँ के महंत घनश्याम तिवारी ने बताया कि सुबह ज़ब वह सोकर उठे तो दान पात्र का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए दान पात्र मे पड़ा पैसा गायब था। उन्होंने तत्काल 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही सच्चेण्डी थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा और आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज़ खंगाले लेकिन पुलिस के हाथ कोई अहम सुराग नहीं लगा। पुलिस प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर शातिरो की तलाश मे जुट गई है। बोले थाना प्रभारी सच्चेण्डी थाना प्रभारी दीना नाथ मिश्रा ने बताया की शातिरो की तलाश की जा रही है जल्द ही पुलिस शातिरो को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

# मेगा कैंपेन चलाकर घर-घर पहुंचाया जाएगा 'जहर मुक्त भोजन'

लखनऊ। प्रदेश में 'जहर मुक्त भोजन' का मेगा कैंपेन शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है, जिसके तहत अब लोगों की थाली तक सीधे खेतों से निकला शुद्ध और जहरमुक्त भोजन पहुंचाया जाएगा।

इस पूरे महाभियान का केंद्रबिंदु उत्तर प्रदेश की गोशालाएं होंगी, जिन्हें अब सिर्फ गोसंरक्षण ही नहीं, बल्कि शुद्ध खाद्य पदार्थों के बड़े सप्लाई सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।पहले चरण में चयनित गोशालाओं के 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले परिवारों को इस महा अभियान से जोड़ा जाएगा। इन परिवारों तक प्राकृतिक खेती से उपजे खाद्यान्न, ताजी सब्जियां, फल और पंचगव्य आधारित उत्पाद सीधे पहुंचाए जाएंगे। गो सेवा आयोग ने इसके लिए 'फार्म टू कंज्यूमर' (खेत से सीधे उपभोक्ता तक) मॉडल तैयार किया है। इससे उपभोक्ताओं को सही कीमत पर और किसानों को उनकी उपज का और बेहतर मूल्य मिल सकेगा।उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य हर नागरिक को बीमारियों से बचाना और उन्हें 'जहर मुक्त भोजन' उपलब्ध कराना है। सबसे पहले चयनित गोशालाओं के आसपास के परिवारों से इसकी शुरुआत होगी। यह मॉडल गोशालाओं को ग्रामीण समृद्धि और सेहत का नया केंद्र बनाएगा।गोशालाओं के सहयोग से तैयार होने वाली 100त्न जैविक सब्जियां, फल और अनाज सीधे घरों तक पहुंचेंगे। शुरुआती फेज में गोशाला के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्रों को कवर किया जाएगा। अनाज-सब्जियों के अलावा औषधीय उत्पाद, पंचगव्य घी, और शुद्ध दूध भी इस चेन का हिस्सा होंगे।केमिकल-फ्री उत्पाद तैयार करने वाले स्थानीय किसानों को अब अपनी फसल बेचने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, गोशालाएं ही उनका बाजार बनेंगी।

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि 'जहर मुक्त भोजन' के इस पूरे चक्र को चलाने के लिए बड़े पैमाने पर स्थानीय युवाओं को प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीण स्तर पर बंपर रोजगार पैदा होंगे। प्रदेश में यह प्रयोग देश के सामने सेहत और समृद्धि का एक अनूठा उदाहरण बनने जा रहा है।

# बढ़ता प्रदूषण बन रहा गंभीर चुनौती

फूलपुर,आजमगढ़। पर्यावरण प्रदूषण आज एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। गांवों से लेकर शहरों तक प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सड़कों पर उड़ती धूल, वाहनों से निकलता धुआं, खेतों और कूड़े में आग लगाने की घटनाएं तथा प्लास्टिक कचरे का बढ़ता उपयोग प्रदूषण को और बढ़ावा दे रहा है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बढ़ते प्रदूषण के कारण सांस संबंधी बीमारियां, आंखों में जलन तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। गर्मी के मौसम में धूल और धुएं का असर और अधिक महसूस होता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधों का संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्षारोपण समय की आवश्यकता बन गया है।

पाठकों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए, सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था मजबूत की जाए तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाएं। नागरिकों को भी प्लास्टिक का कम उपयोग करने, कूड़ा इधर-उधर न फेंकने तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए। तभी स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का निर्माण संभव हो सकेगा। संदीप कुमार खानजहापुर आजमगढ़।

# नगर निगम परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन

गोरखपुर । केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष के पूर्ण होने अवसर पर नगर निगम परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी एवं अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों एवं कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने लगातार 4400 से अधिक दिन (12 वर्ष) तक प्रधानमंत्री के तौर पर देश की सेवा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन कर एक कीर्तिमान बनाया है। इस दौरान उन्होंने बिना रुके बिना थके तथा बिना छुट्टी लिए निरन्तर कार्य करते हुए देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों में अनेक योजनाओं के माध्यम से गरीब, किसान ,युवा, महिला एवं सभी वंचितों के जीवन को सुधारने एवं संवारने का कार्य किया गया। इन 12 वर्षों में देश ने आर्थिक संवृद्धि के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि को प्राप्त किया।

इन 12 वर्षों में देश में ऐतिहासिक रूप से विद्यमान बड़ी बड़ी समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान धारा 370 को खत्म किया गया तथा देश के ऐतिहासिक धरोहरों को वापस लाया गया। देश में 5 दशकों से विद्यमान नक्सली समस्या का समाधान किया गया। देश में औपनिवेशिक काल के कानूनों के स्थान पर तीन नए कानून बनाए गए। आज देश के सभी नागरिकों को सभी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के प्राप्त हो रहा है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जी सूचना विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी की सराहना की और कहा कि यह प्रदर्शनी इसलिए लगाई जाती है ताकि सभी को सरकार की जनकल्याणकरी योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके और कोई भी जरूरतमंद लाभ से वंचित न हो। इस अवसर पर महापौर मंगलेश श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, विधायकगण महेंद्र पाल सिंह, राजेश त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ला भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी के माध्यम से विगत 12 वर्षों में देश में बेहतरीन शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, वित्तीय समावेशन, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण एवं डिजिटल पहुंच आदि के माध्यम से देश के करोड़ों लोगों के जीवन में हुए परिवर्तन को प्रदर्शित किया गया है।

प्रदर्शनी में महिलाओं, बच्चों, युवाओं, अन्नदाताओं, एवं वंचित वर्गों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में आधारभूत संरचना, डिजिटल नवाचार, आर्थिक प्रगति के क्षेत्र में भारत एवं उत्तर प्रदेश को प्राप्त उपलब्धियों को दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी 4 दिन तक लगाई जाएगी।

# दीदारगंज रोड रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज

फूलपुर,आजमगढ़। फूलपुर तहसील क्षेत्र के दीदारगंज रोड रेलवे स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग एक बार फिर उठी है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि स्टेशन पूर्वोत्तर रेलवे का महत्वपूर्ण स्टेशन होने के बावजूद यहां किसी भी प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

दया कम्युनिटी फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य डॉ. राज कुमार यादव व डॉ सुरेन्द्र कुमार पासवान राष्ट्रीय सहसंयोजक ने केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्रि से स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से कोलकाता, मुंबई, लुधियाना सहित अन्य बड़े शहरों की यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या काफी अधिक है, लेकिन एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के अभाव में लोगों को खोरासन रोड, शाहगंज या आजमगढ़ रेलवे स्टेशन का सहारा लेना पड़ता है। वहीं खंजा हाल्ट पर यात्रियों के लिए कोई अच्छी सुविधाएं नहीं हैं।इस पर ध्यान आकृष्ट करवाने की मांग की खानजहापुर डगरा पर वर्षो से अधूरा पड़ा अंडर पास के उपर छाया न होने से बारिश होने पर अंडर पास में पानी भर जाने से यात्रियों को जान जोखिम में डालकर आना पड़ता है।इस पर भी ध्यान आकृष्ट करवाने की मांग की

डॉ. यादव ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए कैफियत एक्सप्रेस और गोदान एक्सप्रेस सहित अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव दीदारगंज रोड रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी रेल मंत्रालय से इस मांग पर सकारात्मक विचार करने की अपील की है।

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार नगर महोदय जनपद सुलतानपुर

मु0 नं0 - T 202504680613914

ता0 पेशी- 19 / 06 / 2026

राजनरायन - बनाम - धनपती आदि

बनाम- 1 राजनरायन 2 सूर्य नरायन सुतगण बैजनाथ निवासीगण ग्राम धरमैतेपुर परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर ।

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्‌द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 06 के 19 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के...के...दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ0ख0) महोदय कादीपुर जनपद सुलतानपुर

उ0 वा0 संख्या- 12 / 25 (एन0आर0)

ता0 पेशी- 07 / 08 / 2026

श्रीमती रीता आदि - बनाम - जाय0 स्व0 श्रीमती केवलपत्ती आदि

बनाम -1 जायदाद स्वर्गीय श्रीमती केवलपत्ती

निवासी ग्राम व पोस्ट अनुरूड़पुर पर0 अल्देमऊ तह0 कादीपुर जनपद सुलतानपुर 2 शाखा प्रबंधक बड़ौदा उ0 प्र0 ग्रामीण बैंक शाखा अलीपुर सरांवा पर0 अल्देमऊ तह0 कादीपुर जिला सुलतानपुर का नया नाम - शाखा प्रबंधक उ0 प्र0 ग्रामीण बैंक शाखा अलीपुर सरांवा पर0 अल्देमऊ तह0 कादीपुर जिला सुलतानपुर ।

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्‌द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 08 के 07 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के...के...दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज / एफ0 टी0 सी0 (अ0ख0) महोदय सुलतानपुर

सा0 वा0 संख्या- 1012 / 09

ता0 पेशी- 02 / 07 / 2026

शिवबरन - बनाम - उ0प्र0 सरकार आदि

बनाम-1 उ0 प्र0 सरकार द्वारा जिलाधिकारी महोदय सुलतानपुर 2 ग्राम पंचायत पूरे फाज़िल विकास क्षेत्र गौरीगंज पर0 अमेठी तह0 गौरीगंज जिला सुलतानपुर द्वारा ग्राम प्रधान , ग्राम पंचायत पूरे फाज़िल पर0 अमेठी तह0 गौरीगंज जिला सुलतानपुर 3 ग्राम पंचायत सराय हृदयशाह विकास क्षेत्र गौरीगंज पर0 अमेठी तह0 गौरीगंज जिला सुलतानपुर द्वारा ग्राम प्रधान - ग्राम पंचायत सराय हृदयशाह पर0 अमेठी तह0 गौरीगंज जिला सुलतानपुर 4 राम बरन तिवारी सुत स्व0 सीताराम निवासी ग्राम सराय हृदयशाह पर0 अमेठी तह0 गौरीगंज जिला अमेठी ।

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्‌द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 07 के 02 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के...के...दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

# राम मंदिर दान प्रकरण में सीबीआई जांच कराने की मांग

## मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मंदिर में चढ़ावा चोरी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं : तेजनारायण पांडेय



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने राम मंदिर दान प्रकरण को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच कराने की मांग की है। बुधवार को सिविल लाइन स्थित शाने अवध होटल में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। उसी निर्णय के तहत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया गया और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास एवं मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी इस ट्रस्ट को सौंपी गई। का यह केवल एक ट्रस्ट नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आस्था और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विश्वास का प्रतीक है। ट्रस्ट ने लोगों के विश्वास को तोड़कर सर्वोच्च न्यायालय का भी अपमान किया है । आज जिस प्रकार से श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं एवं लूट के गंभीर आरोप सामने आए हैं, उसने पूरे देश के श्रद्धालुओं को आहत किया है। श्री पांडेय ने कहा कि अयोध्या केवल एक नगर नहीं, बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की पावन जन्मभूमि है, जहां से पूरी मानवता मर्यादा, त्याग, समर्पण और आदर्श जीवन का संदेश प्राप्त करती है। ऐसे पवित्र स्थान से यदि चढ़ावे की लूट और भ्रष्टाचार जैसी खबरें सामने आती हैं तो यह केवल श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला विषय नहीं, बल्कि देश की आस्था पर भी गंभीर आघात है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि अभी तक इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। जब प्राथमिकी ही नहीं हुई तो एसआईटी जांच का औचित्य क्या है? जनमानस में यह चर्चा है कि केवल औपचारिक जांच से सत्य सामने नहीं आएगा। करोड़ों रामभक्तों का विश्वास तभी बहाल होगा जब इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और कठोर जांच माननीय सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराई जाएगी। महिपाल सिंह द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों तथा प्रस्तुत किए गए तथ्यों पर ट्रस्ट की ओर से स्पष्ट और ठोस जवाब न आना भी अनेक सवाल खड़े करता है। यदि आरोप निराधार हैं तो उनका तत्काल खंडन होना चाहिए था। लेकिन लगातार बनी हुई चुप्पी जनसामान्य के मन में संदेह को और अधिक गहरा कर रही है। हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि जिन ट्रस्टियों अथवा पदाधिकारियों पर आरोप लगे हैं उन्हें जांच पूरी होने तक उनके पदों से हटाया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सर्वोच्च न्यायालय की प्रत्यक्ष निगरानी में कराई जाए, ताकि सच्चाई देश के सामने आ सके और रामभक्तों की आस्था पर लगा यह कलंक मिट सके। इसके अतिरिक्त अयोध्या में नजूल भूमि को गलत तरीके से क्रय विक्रय किया है । और जिसमें पैसे की भारी लूट हुई है ।

आरोप लगाए जा रहे हैं कि ऐसी भूमि, जिसके क्रय-विक्रय पर कानूनी प्रतिबंध है, उसे विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से ट्रस्ट की परिसंपत्तियों में शामिल किया गया तथा श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर निर्माण हेतु दिए गए धन का उपयोग इन भूमि सौदों में किया गया। यदि इन आरोपों में सत्यता है यह केवल वित्तीय अनियमितता का विषय नहीं, बल्कि करोड़ों रामभक्तों के विश्वास से जुड़ा अत्यंत गंभीर मामला है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

साथ ही यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों द्वारा नजूल भूमि के अधिग्रहण और उससे जुड़े भुगतान में भारी अनियमितताएं की गईं तथा अयोध्या के कई सार्वजनिक मार्गों और रास्तों को भी ट्रस्ट क्षेत्र में शामिल कर आम लोगों की आवाजाही प्रभावित की गई। यदि इन आरोपों में तथ्य हैं तो यह न केवल जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है, बल्कि श्रीराम मंदिर और अयोध्या की गौरवशाली छवि को भी नुकसान पहुंचाने वाला विषय है। इसलिए इन सभी बिंदुओं की निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायिक निगरानी में जांच कराकर सच्चाई देश के सामने लाई जानी चाहिए। पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने कहा कि प्रभु श्रीराम किसी व्यक्ति या संस्था के नहीं, पूरे राष्ट्र की आस्था के केंद्र हैं। उनकी आस्था से खिलवाड़ करने वालों को कानून के दायरे में लाकर कठोर दंड दिया जाना चाहिए।

# छोटी माइनर के बगल जंगल में बरामद हुआ युवक का शव



**शुजागंज अयोध्या।** थाना पटरंगा क्षेत्र के कोपेपुर गांव के निकट छोटी माइनर के बगल जंगल में एक युवक का शव बरामद किया गया शव मिलने की सूचना मिलते ही पटरंगा प्रभारी निरीक्षक अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच मृतक के शव को कब्जे में ले पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है ।

जानकारी के अनुसार थाना पटरंगा क्षेत्र के अंतर्गत खण्ड पिपरा गांव निवासी कामता प्रसाद मौर्य का पुत्र सुनील कुमार सुबह घर से निकल गया था परिजनों द्वारा आपसपास ढूंढने लगे बुधवार को उक्त थाना क्षेत्र के ही कोपेपुर गांव के निकट छोटी माइनर के बगल जंगल में मृत अवस्था में शव बरामद किया गया। मृतक के शव बरामद होने की सूचना तुरन्त पटरंगा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पटरंगा शशिकांत यादव, उपनिरीक्षक दिनेश यादव, मदनपाल ,चौकी प्रभारी हाईवे राजकुमार यादव,हेड कांस्टेबल इंद्रेश यादव, कांस्टेबल रवि चौधरी,सहित भारी संख्या में अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच मृतक के शव को कब्जे में ले पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। उक्त घटना के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक पटरंगा शशिकांत यादव ने बताया कि शव बरामद होने की सूचना मिली थी जिसपर पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को कब्जे में ले पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी घटना का का सच सामने आएगा।

## हल्के बादल छाए रहने की संभावना

अयोध्या। आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्व विद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहने एवं बर्षा नहीं होने की संभावना है। श्री मिश्र के अनुसार बुद्धवार का अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री जो सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक रहा जबकि न्यूनतम तापमान 28.0 डिग्री यह भी सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 54 प्रतिशत रही। 2.4 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी-पश्चिमी दिशा से हवाएं चली।

# कर्बला के शहीदों की याद में सजेंगी मजलिसें और सबीलें



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** जनपद अंबेडकर नगर के अकबरपुर तहसील के सिकंदरपुर में मोहर्रम का चांद नजरआते ही चांद रात सदर इमामबाड़ा पर मजलिस को खिताब फरमाते हुए मौलाना जफर मारुफी ने कहा कि महीने की पहली तारीख होगी, जबकि मोहर्रम की दसवीं चांद का दीदार होते ही मोहर्रम के गमगीन माहौल की शुरुआत हो गई है। यह पूरा महीना पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके 72 साथियों की लासानी कुर्बानी की याद दिलाता है। कर्बला के मैदान में हक (सच्चाई) के लिए और जुल्म के खिलाफ खड़े होने की यह दुनिया की सबसे बड़ी मिसाल है।मोहर्रम का चांद दिखते ही अकीदतमन्दों ने मजलिस, मातम और जुलूसों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस पूरे महीने में जगह-जगह मजलिसों का दौर चलेगा, जिसमें कर्बला के वाकयात और शहीदों की शहादत का जिक्र किया जाएगा। इसके साथ ही जगह-जगह नजर-ओ-नियाज का एहतमाम होगा और राहगीरों के लिए पानी व शर्बत की सबीलें लगाई जाएंगी। सबील लगाने की खास वजह यह है कि कर्बला के तपते मैदान में यजीदी फौज द्वारा इमाम हुसैन और उनके मासूम बच्चों का पानी बंद कर दिया गया था, जिसकी याद में अकीदतमंद लोगों को पानी पिलाकर पुण्य कमाते हैं।

# मोहर्रम को लेकर पटरंगा थाने में पीस कमेटी की बैठक

- पुरानी परंपरा के अनुसार ताजिया व जुलूस निकालने पर बनी सहमति
- अफवाहों से बचने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दिए गए निर्देश



**शुजागंज अयोध्या** । गमख्वारी के मोहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को पटरंगा थाना परिसर में सीओ आशीष निगम के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के ताजियादारों, संभ्रांत नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक को संबोधित करते हुए एसएचओ शशिकांत यादव ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने सभी ताजियादारों से पुरानी परंपरा के अनुसार ही ताजिया रखने एवं जुलूस निकालने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए तथा जुलूस मार्ग, समय और निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए।वरिष्ठ उपनिरीक्षक मदनपाल ने सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक एवं भड़काऊ सूचनाओं से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।बैठक में मौजूद लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर हाईवे चौकी प्रभारी राजकुमार यादव, प्रतिष्ठा यादव, सुधाकर शर्मा, अजीत यादव, राजेश शर्मा, पूर्व प्रधान मोहम्मद नसीम खां, पूर्व प्रधान अब्दुल कय्यूम, दिलीप वर्मा, भोला प्रसाद यादव, नुरुल हुदा इस्तियाक, अहमद मोहम्मद इस्तिखार खां, रामजीत वर्मा सहित क्षेत्र के भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रज्ञा पांडेय ने सम्भाला जिला समाज कल्याण अधिकारी का पदभार



**अयोध्या।** जनपद अयोध्या में जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर प्रज्ञा पांडेय का दि आयुष्मान फाउंडेशन की ओर से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने उन्हें अंगवस्त्र (पटका) पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान प्रज्ञा पांडेय ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित समाज कल्याण विभाग की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के पात्र, जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक प्रभावी रूप से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि प्रज्ञा पांडेय का स्थानांतरण कौशाम्बी जनपद से अयोध्या हुआ है। उन्होंने पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी रण विजय सिंह के स्थान पर पदभार ग्रहण किया है।स्वागत कार्यक्रम में रुचि पांडेय, काजल सागर, इति सोनकर एवं पवन पटेल आदि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं दि आयुष्मान फाउंडेशन की ओर से राहुल गुप्ता, श्रीचंद कौशल, गांधी पांडेय तथा जिलाध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव ने उनका अभिनंदन करते हुए अयोध्या आगमन पर शुभकामनाएं दीं और उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की।फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रज्ञा पांडेय के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचेगा तथा जनपद में सामाजिक कल्याण एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों को नई दिशा और गति प्राप्त होगी।

# आइ.आइ.आर.एफ रैंकिंग में कृषि विवि को 28वीं रैंक



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने आइ.आइ.आर.एफ रैंकिंग-2026 में उत्तर प्रदेश में 28वां स्थान प्राप्त किया है। कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह अधिकारियों के साथ बैठक कर लगातार रैंकिंग में सुधार लाने पर जोर दे रहे हैं। कुलपति का कहना है कि आइ.आइ.आर.एफ रैंकिंग में और सुधार लाने की जरूरत है। उन्होंने आगे आने वाले एन.आई.आर.एफ रैंकिंग के परिणाम के लिए सभी को तैयार रहने के लिए कहा। कहा कि रैंकिंग में बेहतर स्थान पाने के लिए हमें शिक्षण, शोध और प्रसार गतिविधियों को बेहतर बनाने पर कार्य करना होगा। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट अनुसंधान, प्रभावी विस्तार सेवाओं और नवाचार पर आधारित होता है। इसे अभी हर स्तर पर सुदृढ़ करने की जरूरत है। आइ.आइ.आर.एफ रैंकिंग 2026 में सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि को पहला, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय को 39वीं और चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर को 45वीं रैंक प्राप्त हुई है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय को ई-ऑफिस बनाना उनकी प्राथमिकता में है और इस प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए। कुलपति ने ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली को प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी को अवगत कराया। इस दौरान कुलपति ने पूर्व में विश्वविद्यालय के अंदर तेजी से बढ़े कोर्ट केसो पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द सभी केसों का रिव्यू कराकर सारी समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

## नन विभाग की बड़ी कार्यवाही एक ट्रैक्टर ट्राली और रैपर मशीन सीज

**शुजागंज अयोध्या।** पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रजा खा का पुरवा में मंगलवार की रात को स्थानीय पुलिस की मिली भगत से अवैध मिट्टी का खनन हो रहा था मामले की जानकारी खनन विभाग को हुई तो रात में ही पहुंच कर छापा मार दिया जहां मौके से खनन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली और एक रैपर मशीन को पकड़ कर हाइवे पुलिस चौकी मथुरा का पुरवा लाकर सुपुर्द कर दिया।जो खनन विभाग द्वारा दोनों को सीज कर पटरंगा थाना में भेज दिया गया है इस कार्य वही से पटरंगा पुलिस की पोल खुल गई है इससे साफ जाहिर हो गया है स्थानीय पुलिस की ही मिली भगत से ही अवैध मिट्टी खनन किया जाता है। इस संबंध में हाइवे पुलिस चौकी प्रभारी राजकुमार ने बताया कि खनन विभाग द्वारा एक ट्रैक्टर ट्राली और एक रैपर मशीन को पकड़ सीज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# उप परिवहन आयुक्त राजकुमार सिंह ने किया नए भवन का उद्घाटन




**अयोध्या।** जिले के संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय को नया भवन मिल गया है। उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या राजकुमार सिंह ने बुधवार को विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नवनिर्मित भवन का उद्घाटन कर अपने नवनिर्मित कक्ष में स्थान ग्रहण कर लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया।उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और पूजन के साथ हुई। धार्मिक अनुष्ठान के बाद उप परिवहन आयुक्त राजकुमार सिंह ने फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया। इसके बाद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने नए भवन का अवलोकन किया।इस अवसर पर उप परिवहन आयुक्त राजकुमार सिंह ने कहा कि उन्हें परिक्षेत्र में अपनी तैनाती के दौरान नए भवन में कार्य करने का अवसर मिला है। उन्होंने इसे विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए भवन से विभागीय कार्यों के संचालन में सुविधा बढ़ेगी और आम लोगों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। इसके साथ ही स्थान चयन के लिए एआरटीओ प्रशासन डॉ आरपी सिंह की प्रशंसा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मोटरयान निरीक्षक राजीव कुमार का सराहना किया।पूरी टीम की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। कार्यक्रम में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) विश्वजीत प्रताप सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) संजय झा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) डॉ. आर.पी. सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गुलाबचंद, पीटीओ राजेश कुमार तथा मोटर यान निरीक्षक राजीव कुमार उपस्थित रहे।अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बुके भेंट कर जोनल को बधाई दी। इस दौरान विभाग के कर्मचारी प्रधान सहायक शिवकुमारी शुक्ला,लवकुश सिंह,वरिष्ठ सहायक सरवर जावेद, अनुराग सोनकर, निखिल वर्मा,अतुल मौर्य,रविंद्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।नए भवन के शुरू होने से परिवहन विभाग के प्रशासनिक कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। साथ ही कार्यालय आने वाले लोगों को भी अधिक सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन भविष्य में परिवहन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक साबित होगा।

# एनटीपीसी टांडा के परियोजना प्रमुख के साथ मीडिया प्रतिनिधियों की वार्ता सम्पन्न




**टाण्डा अंबेडकरनगर।** एनटीपीसी टाण्डा परियोजना के सप्तरंग क्लब में टांडा एवं विद्युत नगर के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथ परियोजना प्रमुख श्री जयदेव परिदा की वार्ता सम्पन्न हुई। इस वार्ता में प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने एनटीपीसी-टाण्डा में विद्युत उत्पादन तथा पर्यावरण से सम्बन्धित विषयों पर सवाल जवाब किये। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री एस सी सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री हर्ष कुमार सेठी, अपर महाप्रबंधक (अनुरक्षण) श्री प्रमोद कुमार गोयल, अपर महाप्रबंधक (मा0संसा0) श्री रजनीश कुमार खेतान, अपर महाप्रबंधक (पी एंड एस) श्री मयंक सक्सेना एवं अन्य विभागाध्यक्षगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री ऋषभ जायसवाल, उपमहाप्रबंधक (योजना एवं प्रणाली) द्वारा एनटीपीसी टांडा परियोजना पर आधारित एक परिचयात्मक प्रस्तुति की गई। इसके पश्चात बालिका सशक्तिकरण अभियान आधारित लघु फिल्म की भी प्रस्तुति की गई।वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख श्री परिदा ने कहा की एनटीपीसी टांडा को सदैव आप सभी का सकारात्मक एवं रचनात्मक सहयोग मिलता रहा है। उन्होने मीडिया प्रतिनिधियों की मुक्तकंठ से सराहना की, जिन्होनें टांडा परियोजना की रचनात्मक एवं कल्याणकारी गतिविधियों को प्रचार माध्यमों से सदैव जनसामान्य तक पहुंचाने में प्राथमिकता दी है। वार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के सभी प्रश्नों का जबाब देते हुए श्री परिदा ने बताया कि हम निर्बाध विद्युत उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं7

इस अवसर पर उन्होने अपने नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यों की चर्चा करतें हुए बताया की परियोजना के आस-पास के ग्रामीणों के सर्वांगीण विकास के लिये कई प्रभावशाली योजनाओं के तहत एनटीपीसी टांडा पूर्णनिष्ठा एवं लगन से कार्य किया है, जिससे आस-पास के ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार आया है।

धन्यवाद ज्ञापन अपर महाप्रबंधक (मा0संसा0) रजनीश कुमार खेतान ने किया। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ प्रबंधक (मा0संसा0) नवीन अनमोल हेरेंज एवं संचालन जनसंपर्क अधिकारी यश कुमार सोनकर द्वारा किया गया।

# गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर रक्तदान एवं जांच शिविर आज

**अयोध्या।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक गोविंद धाम नजरबाग, अयोध्या जी में पांचवे गुरु अर्जन देव महाराज के महान शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा परिसर में खालसा फाउंडेशन द्वारा 18 जून को विशाल रक्तदान और नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मैक्स हॉस्पिटल लखनऊ से विशेषज्ञ चिकित्सक लिवर, हृदय, आंख, दांत, किडनी, हड्डी और जरनल फिजिशियन द्वारा अन्य सभी समस्याओं का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा। अयोध्या फेको सेंटर के डा. हर्षदीप एवं दांतों के विशेषज्ञ डा. सौरभ भल्ला लखनऊ से आएंगे। शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, बीएमआई, नाड़ी जांच, एसपीओ टू आदि जांचे भी नि:शुल्क की जायेंगी। महान शहीदी दिवस पर गुरुवार प्रात: 8 बजे गुरु जी द्वारा रचित बाणी सुखमनी साहेब का पाठ-कीर्तन और अरदास के उपरांत 11 बजे से सायं 4 बजे तक चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। इस अवसर पर परंपरागत रूप से नजरबाग गुरुद्वारा के मुख्य द्वार पे शरबत और प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। ऐतिहासिक गुरुद्वारा नजरबाग के जत्थेदार बाबा महेंद्र सिंह ने बताया कि 18 जून को गुरु अर्जन देव महाराज का महान शहीदी दिवस है। जो सिक्ख धर्म के पंचम गुरु रहे।

उनका शहादत दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। हर साल की तरह इस साल भी गुरु जी के महान शहीदी दिवस दिवस पर गुरुद्वारा प्रांगण में विशाल रक्तदान और नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम अयोध्या-फैजाबाद की सारी संगत के सहयोग से खालसा फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। सभी से अनुरोध है कि रक्तदान और किसी भी प्रकार से सेवा कर शिविर में सम्मिलित होकर गुरु महाराज की कृपा प्राप्त करें और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी बनें। सेवादार नवनीत सिंह नीशु ने बताया कि सेवा, समर्पण और मानवता का सर्वोच्च उपहार रक्तदान है। आइए पंचम गुरु के महान शहीदी दिवस पर इस पुण्य कार्य में सहयोगी बनें। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिविर में मैक्स हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा। इसके अलावा कई प्रकार की जांचे नि:शुल्क होंगी। यह विशाल रक्तदान और नि:शुल्क चिकित्सा शिविर गुरुद्वारा प्रतिवर्ष पंचम गुरु के शहीदी दिवस पर आयोजित करता है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग रक्तदान और नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श प्राप्त करते हैं।